देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 19 अंकः 27 पृष्ठ : 8 मूल्यः एक रूपए

विचार–प्रवाह...
सीधी लकीर नहीं



# पेज थ्री

देहरादून, शुक्रवार, 26 अप्रैल 2024



मौसम | अधिकतम 34.0° | न्यूनतम 22.0° | 74339.44

2 अमेरिका को मोदी की जरूरत

7 पंत ने मारा शॉट, कैमरामैन हुआ घायल

# सोच रहा हूं कि जब्त पैसे जनता को लौटा दूं

## प्रधानमंत्री मोदी ने आगरा की रैली में किया बड़ा ऐलान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

आगरा। उत्तर प्रदेश के आगरा में पीएम नरेंद्र मोदी लोकसभा चुनाव को लेकर एक बड़ी रैली को संबोधित किया। पीएम मोदी ने कहा कि भ्रष्टाचार पर लगातार कार्रवाई चल रही है। भ्रष्टाचारियों से पैसा वापस लौटाया जा रहा है। मैं सोच रहा हूं कि भ्रष्टाचारियों से आया पैसा जनता को लौटा दूं। लोकसभा चुनाव 2014 में भी पीएम मोदी ने कुछ इसी प्रकार का वादा किया था। उन्होंने कहा कि कुछ लोग विरोध में बौखला गए हैं। भारत के लोगों की शक्ति विपक्ष को पसंद नहीं है। विपक्ष वोट बैंक की राजनीति कर रहा है। बिना भेदभाव सबको योजनाओं का लाभ दिया गया है। बिना भेदभाव के विकास मोदी की गारंटी है। हम तुष्टीकरण की राजनीति नहीं करते हैं। विपक्ष पर करारा हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि धर्म के आधार पर हम आरक्षण नहीं देंगे।

पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस लोगों से आरक्षण छीनने का षड्यंत्र कर रही है। दलितों की राजधानी कही जाने वाली आगरा में पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस बाबासाहेब का अपमान करती है। कांग्रेस ने संविधान का अपमान किया। कांग्रेस देश के लोगों पर विरासत टैक्स लगाना चाहती है। कांग्रेस आपकी विरासत भी छीन लेगी। कांग्रेस संपत्ति के सर्वे की बात कर रही है। कांग्रेस की जनता की संपत्ति पर नजर है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ हमारी लड़ाई जारी है। जिन्होंने लूटा है, उसे लौटाना होगा। इंडी गठबंधन वाले कान खोलकर सुन लें कि जब तक मोदी जिंदा है, लोगों के संपत्ति की जांच जैसे कोई भी पाप करने से पहले आपको मोदी से निपटना पड़ेगा। हमारा संकल्प है, जो भ्रष्टाचारी है, उनकी जांच होगी। जिन्होंने गरीबों को लूटा है, वो लूट का पैसा गरीबों को मिलेगा। मैं इस बारे में सोच रहा हूं। पीएम ने कहा कि देश का संविधान, देश की अदालतें कांग्रेस को ऐसा करने से बार–बार मना कर चुकी है। उनकी हर बात को देश की न्यायपालिका ने ठुकरा दिया है। इसलिए, अब कांग्रेस ने पिछले दरवाजे से खेल खेलना शुरू किया है। कांग्रेस एक ऐसी पार्टी है, जो बाबा साहेब का अपमान करती है।

### क्या है बीजेपी का सैचुरेशन मॉडल

पीएम मोदी ने कहा कि हमारा 10 साल का ट्रैक रिकॉर्ड हो या फिर भाजपा का संकल्प पत्र, हमारा जोर सैचुरेशन पर है। कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सबको मिले, पूरा लाभ मिले, बिना बिचौलियों के मिले, बिना रिश्वत के मिले और हकदार को अवश्य मिले, ये भाजपा का सैचुरेशन मॉडल है। उन्होंने कहा कि हमारा सेक्युलरिज्म भी वही है कि जो भी योजना जिसके लिए बने, बिना धर्म, जाति, भेदभाव के उसका लाभ सबको मिलना चाहिए।



### धर्म के आधार पर आरक्षण का दावा

पीएम मोदी ने आगरा से कांग्रेस पर जबर्दस्त हमला बोला। उन्होंने कहा कि अब कांग्रेस ने ठान लिया है कि वह धर्म के आधार पर रिजर्वेशन लाकर रहेगी। इसके लिए कांग्रेस ने तरीका निकाला है कि 27 प्रतिशत का ओबीसी का जो कोटा है, उसमें से कुछ चोरी कर लिया जाए। उसे छीन लिया जाए और धर्म के आधार पर आरक्षण दे दिया जाए। संविधान इस बात की इजाजत नहीं देता है। कांग्रेस ने हमेशा बाबासाहेब अंबेडकर का अपमान किया। अब उनके स्तर पर संविधान का अपमान किए जाने की कोशिश की जा रही है।

### मुस्लिम तुष्टीकरण पर बड़ा हमला

पीएम मोदी ने कांग्रेस और विपक्ष पर मुस्लिम तुष्टीकरण का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि मोदी तुष्टीकरण को समाप्त करके, संतुष्टिकरण की ओर आगे बढ़ रहा है। हमारा रास्ता तुष्टीकरण का नहीं, संतुष्टिकरण का है। सबका साथ, सबका विकास का मंत्र भी उसी का महामार्ग है। लेकिन, सपा–कांग्रेस का इंडी गठबंधन घोर तुष्टिकरण में जुटा है। 2024 के चुनाव में कांग्रेस ने जो मेनिफेस्टो जारी किया है, उस पर 100 प्रतिशत मुस्लिम लीग की छाप है। उत्तर प्रदेश में जो 2 लड़कों में दोस्ती है, इसका आधार भी ये तुष्टीकरण की राजनीति ही है। कांग्रेस का पूरा मेनिफेस्टो सिर्फ वोटबैंक को मजबूत करने के लिए समर्पित है। वहीं, हमारा मेनिफेस्टो देश को मजबूत करने के लिए समर्पित है।

## संक्षिप्त समाचार

### यूट्यूबर मनीष कश्यप बीजेपी में शामिल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मुजफ्फरपुर। बिहार के चर्चित यूट्यूबर मनीष कश्यप गुरूवार को बीजेपी में शामिल हो गए है। उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की है। मनीष कश्यप ने कहा कि मेरी विचारधारा बीजेपी से मिलती है। इसलिए मैं बीजेपी में शामिल होने जा रहा हूं। भाजपा नेता मनोज तिवारी ने मेरी मां को फोन कर मुझे बीजेपी में शामिल होने के लिए कहा।

### कर्नाटक में मठ–मंदिर का मामला गर्म

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

बेंगलुरु। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आरोपों पर कांग्रेस पार्टी सहित समूचा विपक्ष भले ही सफाई देने में जुटा है, लेकिन कर्नाटक में कांग्रेस सरकार की एक पहल पर विवाद तेज होता जा रहा है। इस पहल से जुड़े विधेयक को राज्यपाल ने भेदभावपूर्ण बताते हुए लागू नहीं होने दिया, अन्यथा राज्य के हिंदू मठ–मंदिरों की आय पर अच्छा–खासा टैक्स लगाने पूरी तैयारी कर ली गई थी।

# गलत बयानबाजी ना करें प्रधानमंत्री मोदी

## कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पीएम मोदी से मिलने का किया आग्रह

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव के प्रचार के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार कांग्रेस के घोषणापत्र पर सवाल खड़े कर रहे हैं। कुछ दिनों पहले पीएम मोदी ने संपत्ति के बंटवारे को लेकर राजस्थान के बांसवाड़ा में कांग्रेस के घोषणा पत्र का जिक्र किया था।

पीएम मोदी ने कांग्रेस के घोषणापत्र का जिक्र करते हुए मुस्लिम समुदाय पर टिप्पणी की थी। पीएम मोदी के बयान पर कांग्रेस की ओर से कड़ी प्रतिक्रिया सामने आई। कांग्रेस का कहना है कि पीएम मोदी ने कांग्रेस घोषणापत्र को लेकर जो बात कही है वो झूठ है। कांग्रेस के 50 पन्नों के घोषणापत्र में कही ही भी संपत्ति के बंटवारे का जिक्र नहीं है।

पिछले कुछ दिनों से कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे पीएम मोदी से मिलने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा है कि वो पीएम मोदी से खुद मिलकर उन्होंने ये बताना चाहते हैं कि संपत्ति के बंटवारे का कोई जिक्र कांग्रेस मेनिफेस्टो में नहीं है।

आपके सलाहकारों द्वारा आपको उन चीजों के बारे में गलत जानकारी दी जा रही है जो हमारे घोषणापत्र में भी नहीं लिखी गई हैं। मैं इससे भी अधिक हमारे न्याय पत्र को समझाने के लिए आपसे व्यक्तिगत रूप से मिलना चाहता हूं ताकि देश के प्रधानमंत्री के रूप में आप कोई भी गलत बयान न दें।

कांग्रेस प्रमुख ने पीएम को लिखे अपने पत्र में कहा, संदर्भ से हटकर कुछ शब्दों को पकड़ लेना और सांप्रदायिक विभाजन पैदा करना आपकी आदत बन गई है। आप कुर्सी की गरिमा कम कर रहे हैं। वह प्रधानमंत्री द्वारा अपने हालिया भाषणों में इस्तेमाल की गई भाषा से न तो हैरान हैं और न ही आश्चर्यचकित हैं।

### चुनाव आयोग ने मोदी-राहुल के बयान पर मांगा जवाब

चुनाव प्रचार के दौरान पीएम मोदी और राहुल गांधी के विवादित बयानों से चुनाव आयोग ने भी आज चिंता जाहिर की। बीजेपी और कांग्रेस दोनों ने धर्म, जाति, समुदाय या भाषा के आधार पर नफरत और विभाजन पैदा करने का आरोप लगाया था। चुनाव आयोग ने इस मामले पर 29 अप्रैल के सुबह 11 बजे तक जवाब मांगा है।

# गर्मी और लू के बीच मौसम विभाग ने दी राहत भरी खबर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। देश के कई हिस्सों में जारी भीषण गर्मी और लू के बीच मौसम विभाग ने एक राहत भरी खबर दी है। आईएमडी के मुताबिक, देश के कई हिस्सों में मौसम का मिजाज बदलने वाला है। मौसम विभाग ने बताया कि उत्तर–पश्चिम भारत में 26 से 28 अप्रैल के दौरान चमक और गरज के साथ बारिश होने की संभावना है।

वहीं, पूर्वोत्तर भारत में जारी गर्मी से भी लोगों को राहत मिलने वाली है। विभाग ने बताया कि 27 और 28 अप्रैल को पूर्वोत्तर भारत के अलग–अलग स्थानों पर तेज हवाओं के साथ भारी बारिश हो सकती है। इस दौरान चमक और गरज के साथ तेज हवाएं भी चलने की संभावना है। मौसम विभाग के ताजा अनुमान के मुताबिक, पूर्वी और दक्षिणी प्रायद्वीपीय भारत में अगले कुछ दिनों तक भीषण लू चलने की संभावना है।

मौसम विभाग ने बताया कि जम्मू–कश्मीर, लद्दाख, पंजाब और हरियाणा में 26 और 27 अप्रैल को कई स्थानों पर ओलावृष्टि, आंधी और बिजली गिरने की संभावना है। वहीं, हिमाचल प्रदेश में 27 अप्रैल को तेज आंधी के साथ कई जगहों पर बारिश हो सकती है।

### मौसम

■27 और 28 अप्रैल को पूर्वोत्तर भारत में हो सकती है भारी बारिश

### इन राज्यों में रहेगी भीषण लू की स्थिति

आईएमडी ने अपने ताजा अपडेट में बताया कि पश्चिम बंगाल में कई जगहों पर और ओडिशा के कुछ स्थानों में लू से लेकर भीषण लू की स्थिति रह सकती है। मौसम विभाग के मुताबिक, पूर्वी उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, कोंकण और गोवा, तटीय आंध्र प्रदेश और यनम, रायलसीमा, तेलंगाना और आंतरिक कर्नाटक में 25 अप्रैल से लेकर 29 अप्रैल तक लू की स्थिति रहने की संभावना है।

Are you Planning to make a Website or already have ?
If yes, then we are here to serve you
What we do
Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# भारत ने कर दी अमेरिका की बोलती बंद

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। अमेरिकी विदेश विभाग द्वारा जारी मानवाधिकार रिपोर्ट को भारत ने पूरी तरह से खारिज कर दिया है। भारत ने इस रिपोर्ट को पक्षपातपूर्ण वाला बताया है।

मंत्रालय ने कहा कि केंद्र सरकार इसे कोई महत्व नहीं देती है। मंत्रालय की तरफ से जारी बयान में कहा गया है कि ऐसी रिपोर्ट से भारत की छवि खराब की जा रही है।

### मानवाधिकार पर ज्ञान दे रहा था अमेरिका

बता दें रिपोर्ट में मई 2023 में जातीय संघर्ष के फैलने के बाद मणिपुर में महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार, बीबीसी पर कर अधिकारियों द्वारा छापे और कनाडा में खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या जैसे अंतरराष्ट्रीय दमन के मामलों पर प्रकाश डाला गया है। इंडिया टुडे में छपी रिपोर्ट की मानें तो जब अमेरिकी मानवाधिकार रिपोर्ट के बारे में विदेश मंत्रालय से पूछा गया तो मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने जवाब दिया, यह रिपोर्ट बेहद पक्षपातपूर्ण है और भारत की छवि को खराब करने वाला है। हम इसे कोई महत्व नहीं देते हैं।

## न्यूज डायरी



### भारत और रूस के बीच रक्षा सहयोग की प्रगति पर चर्चा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मास्को। रूस पहुंचे राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने बुधवार को अपने रूसी समकक्ष निकोलाई पात्रुशेव के साथ द्विपक्षीय सहयोग की प्रगति की समीक्षा की। डोभाल और पात्रुशेव के बीच इस महीने हुई यह दूसरी मुलाकात है। दोनों शीर्ष अधिकारियों के बीच द्विपक्षीय सहयोग के साथ ही आपसी हितों के महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी चर्चा हुई। पात्रुशेव रूस की शक्तिशाली सुरक्षा परिषद के सचिव भी हैं। सेंट पीटर्सबर्ग शहर में उच्च स्तरीय अधिकारियों की बैठक से इतर हुई दोनों शीर्ष अधिकारियों की यह मुलाकात हुई है। यह जानकारी भारत के मास्को स्थित दूतावास ने सोशल नेटवर्किंग साइट एक्स के जरिये दी है। मुलाकात के दौरान भारतीय एनएसए ने मास्को के नजदीक स्थित क्राकस सिटी हाल में 22 मार्च को हुए बर्बर आतंकी हमले की निंदा की। उन्होंने कहा, आतंक के राक्षस से लड़ने में दोहरे मानदंड नहीं अपनाए जाने चाहिए। आतंक के साथ मजबूती से लड़कर उसे परास्त किया जाना चाहिए। इससे पहले कजाखस्तान की राजधानी अस्ताना में आयोजित शंघाई सहयोग संगठन के सुरक्षा अधिकारियों की बैठक में डोभाल ने सीमापार आतंकवाद के मुद्दे पर साजिशकर्ताओं के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की आवश्यकता जताई थी। पात्रुशेव ने ब्रिक्स देशों के एनएसए की बैठक की मेजबानी की और सदस्य देशों के बीच सहयोग को बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया।

### चीन के 3 अंतरिक्ष यात्री तियांगोंग अंतरिक्ष स्टेशन के लिए होंगे रवाना

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** एपी। चीनी अंतरिक्ष एजेंसी गुरुवार को शेनझोउ–18 चालक दल को अंतरिक्ष में भेजने की तैयारी कर रही है। एजेंसी का लक्ष्य 2030 तक लोगों को चंद्रमा पर भेजना है। अंतरिक्ष यात्रियों के नए दल में 43 वर्षीय कमांडर ये गुआंगफू, 34 वर्षीय ली कांग और 36 वर्षीय ली गुआंगसु शामिल हैं। यात्रियों को लेकर अंतरिक्ष यान जिउक्वान सैटेलाइट लांच सेंटर से रात 8रू59 बजे उड़ान भरने के लिए तैयार है। वे शेनझोउ–17 टीम का स्थान लेंगे, जो पिछले वर्ष अक्टूबर से चीन के तियांगोंग अंतरिक्ष स्टेशन पर मौजूद हैं। नया दल अंतरिक्ष स्टेशन पर लगभग छह महीने बिताएगा। यह वैज्ञानिक परीक्षण के साथ ही अंतरिक्ष स्टेशन पर मलबा संरक्षण उपकरण स्थापित करेगा। चीनी जांच एजेंसी सीएमएसए के उप निदेशक लिन जिकियांग ने कहा कि चीन अंततरू विदेशी अंतरिक्ष यात्रियों और अंतरिक्ष पर्यटकों को अपने अंतरिक्ष स्टेशन तक पहुंच प्रदान करने की दिशा में काम कर रहा है। हम निश्चित रूप से चीन के अंतरिक्ष स्टेशन पर विभिन्न देशों के अंतरिक्ष यात्रियों को देखने की उम्मीद करते हैं। चीन ने 2003 में अपना पहला मानव अंतरिक्ष मिशन जारी किया था, जो पूर्व सोवियत संघ और अमेरिका के बाद अपने संसाधनों का उपयोग कर किसी व्यक्ति को अंतरिक्ष में भेजने वाला तीसरा देश बन गया।

### रफाह की ओर बढ़ी इजरायली सेना, खूनखराबे की आशंका

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** यरुशलम। इजरायली सेना रफाह से फलस्तीनी शरणार्थियों को बाहर निकालने के लिए आगे बढ़ रही है। इसके बाद वह वहां छिपे हमास के आतंकियों के खिलाफ कार्रवाई करेगी। यह जानकारी इजरायली सेना के एक वरिष्ठ अधिकारी ने दी है। इजरायली सरकार के प्रवक्ता ने भी कहा कि रफाह में जमीनी कार्रवाई के लिए सेना आगे बढ़ रही है। लेकिन वहां पर कार्रवाई का दिन और समय बताने से इनकार दिया है। रफाह में करीब 14 लाख बेघर फलस्तीनियों ने शरण ले रखी है और वहां पर सैन्य कार्रवाई में भारी खूनखराबे की आशंका जताते हुए सहयोगी देशों ने इजरायल को आगाह किया है। अमेरिका भी रफाह में कार्रवाई के खिलाफ था। लेकिन ईरान के हमले का कड़ा जवाब देने से इजरायल को रोककर उसने रफाह कूच को मौन स्वीकृति दे दी है। इजरायली सेना के अधिकारी ने बताया है कि फलस्तीनी शरणार्थियों को रफाह से स्थानांतरित कर अन्यत्र रखा जाएगा। इसके लिए इजरायल सरकार ने 40 हजार टेंट खरीद रखे हैं। प्रत्येक टेंट में 10–12 लोग रह सकते हैं। इन शरणार्थियों को करीब पांच किलोमीटर दूर खान यूनिस शहर के बाहरी हिस्से में बसाने की योजना है।

# अमेरिका को मोदी जैसे सख्त नेता की जरूरत

**तारीफ**

## जेपी मॉर्गन के सीईओ ने की भारतीय प्रधानमंत्री की तारीफ

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**



वॉशिंगटन। अमेरिका स्थित बैंकिंग फर्म जेपी मॉर्गन चेज के प्रमुख जेमी डिमन ने पीएम मोदी की तारीफ की है। आबादी के एक बड़े हिस्से को गरीबी से बाहर निकालने की सरकार की उपलब्धि को देखते हुए उन्होंने प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा की। डिमन इकोनॉमिक क्लब ऑफ न्यूयॉर्क की ओर से आयोजित लंच में बोल रहे थे। उन्होंने कहा, मोदी ने भारत में अविश्वसनीय काम किया है। मैं यहां के लिबरल प्रेस को जानत हूं जिन्होंने उनकी जमकर आलोचना की है। उन्होंने 40 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला है। उन्होंने गरीबी उन्मूलन, बुनियादी ढांचे के विकास और नौकरशाही सुधारों में पीएम मोदी के प्रयासों पर प्रकाश डाला।

उन्होंने आगे कहा, कई अमेरिकी अधिकारी भारत को लेकर कल्पना करते हैं। भला हम कैसे सोच सकते हैं कि उन्हें अपना देश कैसे चलाना चाहिए। मोदी चुनौतियों का डटकर सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा, कुछ देशों की सरकारें जलवायु परिवर्तन और श्रम अधिकारों पर पीएम मोदी की आलोचना करती हैं। इसके बावजूक कि भारत में लाखों लोगों के पास शौचालय जैसी मूलभूत चीजें नहीं हैं। डिमन ने आगे कहा, उन्होंने यह अद्भुत चलन शुरू किया जिसमें हर नागरिक को हाथ, आंख या उंगली से पहचाना जाता है। यहां वह आधार की बात कर रहे हैं, जिसमें पहचान के लिए आंखों और हाथ का स्कैन जरूरी होती है।

डिमन ने आगे पीएम मोदी की तारीफ करते हुए कहा, उन्होंने 70 करोड़ लोगों के बैंक खाते खोले हैं, जिसमें डायरेक्ट ट्रांसफर किया जा रहा है। भारत की शिक्षा प्रणाली और बुनियादी ढांचा उल्लेखनीय है, जो संपूर्ण सुधार कर रहा है। लेकिन सख्त नौकरशाही को तोड़ने के लिए आपको सख्त होना होगा, और वह (मोदी) वही कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा, हमें भी अमेरिका में कुछ–कुछ इसी तरह की जरूरत है। विश्लेषक का मानना है कि डिमन इशारों–इशारों में कह रहे हैं कि अमेरिका में भी पीएम मोदी जैसे नेता की जरूर हैं।

डिमन ने आगे कहा, श्मुझे लगता है उनके पास 29 राज्य या ऐसा ही कुछ है। यह लगभग यूरोप की तरह है, जहां हर जगह अलग–अलग टैक्स प्रणालियां हैं, जिससे भारी भ्रष्टाचार होता है। वह उन सभी चीजों को तोड़ रहे हैं। अभी–अभी इन चीजों को बदला है और हमें यहां इसकी थोड़ी और जरूरत है। डिमन ने पीएम मोदी की तारीफ करते हुए यह बयान तब दिया है, जब भारत में चुनाव चल रहा है। पीएम मोदी 2014 में पहली बार सत्ता में आए थे। दूसरी बार 2019 का चुनाव उन्होंने जीता था।

## अमेरिका ने यूक्रेन को दीं गुपचुप बैलेस्टिक मिसाइलें

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। यूक्रेन ने रूस के कब्जे वाले इलाकों में पहली बार लंबी दूरी की बैलेस्टिक मिसाइल से हमला किया है। मंगलवार–बुधवार की रात ये हमले क्रीमिया में स्थित रूसी सेना की हवाई पट्टी और कुछ अन्य इलाकों पर किए गए। यह जानकारी एक अमेरिकी अधिकारी ने दी है। ये मिसाइल अमेरिका ने गुप्त रूप से यूक्रेन भेजी हैं। इसके अतिरिक्त यूक्रेन ने रूस के लिपेस्क क्षेत्र में स्थित एक बड़ी स्टील फैक्ट्री पर ड्रोन हमला कर उसे नुकसान पहुंचाया है। यूक्रेन युद्ध की शुरुआत से ही अमेरिका ने यूक्रेन को लंबी दूरी तक मार करने वाले हथियार देने से परहेज किया है। इन मिसाइलों से रूस के आबादी वाले इलाकों में नुकसान होने और नाटो गठबंधन से सीधे टकराव का खतरा पैदा हो जाएगा।

यूक्रेन को मिली नई मिसाइल 300 किलोमीटर तक मार करने वाली है। पता चला है कि अमेरिका ने अक्टूबर 2023 से यूक्रेन को इन मिसाइलों को देना शुरु किया था। अब जबकि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने 95 अरब डॉलर की सहायता स्वीकृत कर दी है तो उसके अंतर्गत भी ये मिसाइलें यूक्रेन को दी जाएंगी। माना जा रहा है कि युद्ध में इन मिसाइलों के इस्तेमाल से यूक्रेन को ताकत मिलेगी।



### हिजबुल्लाह पर इजरायल ने किया पलटवार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** तेल अवीव। ईरान समर्थित संगठन हिजबुल्लाह के हमले के बाद इजरायल ने उसपर कई रॉकेट अटैक किए हैं। तोपखानों से दक्षिणी लेबनान के एक क्षेत्र पर बमबारी की जा रही है। इन रॉकेटों ने कई घरों को क्षतिग्रस्त कर दिया। इसमें कितना नुकसान हुआ ये सामने नहीं आया। इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने बताया कि बुधवार दोपहर को उसने लेबनान में आतंकवादी संगठन हिजबुल्लाह के लगभग 40 ठिकानों पर हमला कर तबाह कर दिया। हमले दक्षिणी लेबनान के आयता राख शब क्षेत्र में किए गए थे और इसमें इजराइल वायु सेना के लड़ाकू जेट और आईडीएफ तोपखाने दोनों का इस्तेमाल किया गया था।

## स्पेस में परमाणु हथियार तैनात करने पर यूएस और रूस के बीच टकराव

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

■अमेरिका ने लगाया गंभीर आरोप, चीन ने दिखाई चालाकी

वॉशिंगटन। संयुक्त राष्ट्र में एक बार फिर अमेरिका और रूस आमने सामने आ चुके हैं। पिछले कुछ दिनों पहले एक मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया था कि रूस की ओर से पृथ्वी की कक्षा में परमाणु हथियार तैनात करने की योजना है। इस दावे को रूस ने पूरी तरह खारिज कर दिया। लेकिन असली कहानी इसके बाद शुरू हुई जब अमेरिका ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में पृथ्वी की कक्षा में परमाणु हथियार तैनात न करने का प्रस्ताव रखा। रूस ने इसपर वीटो लगा दिया। रूस के इस फैसले से अमेरिका झल्ला उठा।

यूएस ने रूस के इस कदम की कड़ी आलोचना की। वहीं अमेरिका ने रूस पर सवालों की झड़ी लगा दी। अमेरिका ने कहा कि पृथ्वी की कक्षा में परमाणु हथियार तैनात न करने का रूस का दावा कहीं गलत तो नहीं। क्या रूस कुछ छुपा तो नहीं रहा है क्योंकि अगर रूस अगर पृथ्वी की कक्षा में परमाणु हथियार तैनात न करने की बात कही तो वो अमेरिका के प्रस्ताव पर वीटो क्यों लगा रहा है।

संयुक्त राष्ट्र में रूस के राजदूत वासिली नेबेंजिया ने कहा है कि अमेरिका रूस पर झूठे आरोप लगा रहा है। रूस जल्द ही अंतरिक्ष को शांतिपूर्ण बनाए रखने के उद्देश्य से अपने स्वयं के मसौदा प्रस्ताव पर परिषद के सदस्यों के साथ बातचीत शुरू करेगा।

वासिली नेबेंजिया ने अमेरिका पर सवाल उठाते हुए कहा, हम सिर्फ (सामूहिक विनाश के हथियार) ही नहीं, बल्कि बाहरी अंतरिक्ष में किसी भी तरह के हथियारों की तैनाती पर प्रतिबंध चाहते हैं। लेकिन आप ऐसा नहीं चाहते... मैं आपसे वही सवाल पूछता हूं। क्यों?

अमेरिका और जापान द्वारा प्रस्ताव किए गए मसौदे पर 13 वोट मिले। हालांकि, चीन इस वोटिंग में शामिल नहीं था। इसके पक्ष में सात, विपक्ष में सात और एक अनुपस्थित वोटिंग पड़ी।

### भ्रष्टाचार के संदेह में रूस के उप रक्षा मंत्री गिरफ्तार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मॉस्को। रूस की एक अदालत ने उप रक्षा मंत्री तिमूर इवानोव को भ्रष्टाचार के संदेह में गिरफ्तार करने का आदेश दिया। तिमूर को मंगलवार को ही सोवियत काल की केजीबी की उत्तराधिकारी फेडरल सिक्योरिटी सर्विस (एफएसबी) ने बड़े पैमाने पर घूस लेने के आरोप में हिरासत में ले लिया था।

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन द्वारा यूक्रेन में फरवरी 2002 में सेना भेजे जाने के बाद भ्रष्टाचार का यह हाई प्रोफाइल मामला सामने आया है।

मास्को के बासमनी जिला न्यायालय ने इवानोव को 23 जून तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। अदालत के एक फुटेज में 48 वर्षीय इवानोव को कांच के पिंजरे में भौंह सिकोड़े खड़ा दिखाया गया है। अदालत ने कहा कि इवानोव ने तीसरे पक्ष के एक संगठित समूह के जरिये अपराध की साजिश रची। रक्षा मंत्रालय में अनुबंध हासिल करने के लिए बड़े पैमाने पर संपत्ति और सेवाएं ग्रहण की गईं।


Page Three

Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द


# आग से बचाने की तैयारी के बावजूद धू–धू कर जल रहे जंगल

**समस्या**

## उठ रहे कई सवाल, परेशान करने वाले हैं आंकड़े

**संवाददाता**

कोटद्वार। यह वास्तव में हैरानी का विषय है कि फरवरी में वनों को आग से बचाने की तैयारी के बावजूद अप्रैल माह में तमाम जंगल धू–धू कर जल रहे हैं। जंगलों में लगी आग ने न महकमे की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए हैं, बल्कि दो माह पूर्व ही महकमे द्वारा जंगलों को आग से बचाने के लिए फायर लाइन कटान के नाम पर लाखों रुपये पानी की तरह बहाने पर भी सवाल उठाए हैं। दो माह के भीतर ही फायर लाइन कटान कार्यों की पोल खुल गई।



प्रतिवर्ष वन विभाग की ओर से फायर सीजन शुरू होने से पूर्व वन क्षेत्रों में फायर लाइनों की सफाई की जाती है। साथ ही नई फायर लाइनों का कटान भी किया जाता है। मकसद यही होता है कि जंगल के किसी हिस्से में आग लगे तो वह फायर लाइन तक पहुंचते ही बुझा जाए। लेकिन, प्रदेश में जिस तरह जंगल जल रहे हैं, उसने फायर लाइन कटान पर सवालिया निशान लगा दिए हैं।

जंगलों में लगी आग दिन–प्रतिदिन विकराल हो रही है। वन कर्मी भी लगातार बढ़ रही आग की घटनाओं के आगे बेबस नजर आ रहे हैं। सभी की नजरें आसमान पर टिकी हैं। लेकिन, इंद्रदेव भी मेहरबान होते नजर नहीं आ रहे। दिन–प्रतिदिन आग की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। पिछले 24 घंटों की बात करें तो वन विभाग के आंकड़ों के अनुसार जनपद पौड़ी में करीब 12 हेक्टेयर जंगल दावानल से राख हुआ है। हालांकि, सैटेलाइट से मिले आंकड़ों की बात करें तो पिछले 24 घंटे में लैंसडौन वन प्रभाग में 31 व गढ़वाल वन प्रभाग में 71 स्थानों में जंगलों में आग रिकॉर्ड की गई।

पर्यावरणीय दृष्टि से संवेदनशील उत्तराखंड में विकराल होती जंगलों की आग ने सरकार की चिंता और चुनौती, दोनों बढ़ा दी हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशों के क्रम में शासन भी जंगल की आग रूपी आपदा से निपटने को सक्रिय हो गया है। जंगल बचाने को वन विभाग फौरी तौर पर तो कदम उठा ही रहा है, अब दीर्घकालिक योजनाओं पर भी काम चल रहा है। लोकसभा चुनाव के लिए मतदान संपन्न होने के बाद मुख्यमंत्री धामी ने राज्य में स्थिति की समीक्षा करने के साथ ही वनों को आग से बचाने के लिए प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए थे।

इसी कड़ी में प्रमुख सचिव वन आरके सुधांशु ने वन विभाग को इस दृष्टि से दूसरे राज्यों का अध्ययन करने को कहा है। प्रमुख सचिव सुधांशु के अनुसार देश के विभिन्न राज्यों में वनों को आग से बचाने को क्या रणनीति अपनाई गई है, कौन सी पहल बेहतर रही है, कहां समुदाय को इससे जोड़ा गया है, रेंजर से लेकर डीएफओ स्तर तक दायित्व का निर्वहन किस तरह का है, ऐसे तमाम बिंदुओं का अध्ययन कराने को कहा गया है।

## न्यूज डायरी

### नेताजी संघर्ष समितिने हेमवती नंदन बहुगुणा की जयंती पर उन्हें याद किया

**संवाददाता** देहरादून। नेताजी संघर्ष समिति के उपाध्यक्ष प्रभात डंडरियाल और प्रमुख महासचिव आरिफ वारसी ने गुरूवार को एक संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए हिमपुत्र स्वर्गीय हेमवती नंदन बहुगुणा की जयंती के अवसर पर उन्हें याद किया। इस मौके पर दोनों पदाधिकारीयों ने कहा कि स्वर्गीय बहुगुणा जी आज हमारे बीच नहीं है लेकिन उनकी यादें और उनके कार्य हमेशा उनकी याद दिलाते रहेंगे। आज समय की नजाकत यही है कि हम उनके बताए मार्ग पर चलकर उनके घर–घर स्वराज के सिद्धांत को अपनाएं स्वर्गीय बहुगुणा गढ़वाल के ही नहीं पूरे भारत की शान व राष्ट्रीय नेता थे और सभी वर्गों में वह लोकप्रिय थे।

### खेत पर भूंसा लेने जा रही महिला ट्राली से गिरी, मौत

**संवाददाता** हल्द्वानी। खेत से भूसा लेने जा रही महिला रास्ते में ट्रैक्टर–ट्रॉली से गिर गई। घायल महिला को जब तक इलाज ले जाया गया तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। मेडिकल चौकी पुलिस के मुताबिक चोरगलिया थानाक्षेत्र के विजयपुर खनवाल निवासी रतन सिंह की पत्नी 35 वर्षीय देवकी देवी गुरुवार की सुबह खेत पर भूसा लेने ट्रैक्टर–ट्रॉली से जा रही थीं। गौलापार इलाके में अचानक ट्रॉली पर झटका लगने के चलते अनियंत्रित होकर वह नीचे गिर पड़ीं। घायल महिला को परिजन बेस अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मेडिकल चौकी प्रभारी प्रवीण तेवतिया ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

### जेईई (मेन) में चमके आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के होनहार

**संवाददाता** हरिद्वार। परीक्षण तैयारी सेवाओं में राष्ट्रीय अग्रणी आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) ने हरिद्वार से अपने सिटी टॉपर स्टूडेंट राघव अग्रवाल की असाधारण उपलब्धि की घोषणा करते हुए गर्व महसूस किया, जिन्होंने ज्वाइंट एंट्रेंस एग्जाम (जेईई) मेन 2024 के दूसरे सत्र में 99.98 परसेंटाइल व एआईआर 317 हासिल की है। साथ ही 8 स्टूडेंट्स ने 99 परसेंटाइल और उससे अधिक स्कोर किया है। उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाले स्टूडेंट्स में आकाश के सिटी टॉपर राघव अग्रवाल ने 99.98 परसेंटाइल व एआईआर 317 हासिल की है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने 24 अप्रैल, 2024 की देर रात दूसरे सत्र के परिणामों का अनावरण कर उत्कृष्टता का एक नया मानदंड स्थापित किया है।

# पीड़ित व्यापारियों को मुआवजा दे सरकार

**संवाददाता** ऋषिकेश। फुटकर फल एवं सब्जी मंडी समिति ने शहरी विकास मंत्री से मुलाकात की। उन्होंने तीन माह पूर्व मंडी में लगी आग से पीड़ित व्यापारियों को मुआवजा नही मिलने पर नाराजगी जताई। पीड़ित व्यापारियों को मुख्यमंत्री राहत कोष से सहायता राशि दिलवाने की मांग की। गुरुवार को टाउन वेंडिंग समिति के सदस्य राजू गुप्ता ने शहरी विकास मंत्री प्रेमचन्द अग्रवाल को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने बताया कि छोटी सब्जी मंडी, जीवनी माई मार्ग ऋषिकेश में बीती 30 दिसम्बर की मध्यरात्रि के समय दुकानों में आग लग गई थी। जिसमें हमारे 8 फुटकर फल एवं सब्जी विक्रेताओं की दुकानें सामान सहित जल गई थीं। जिसका स्थलीय निरीक्षण मंत्री प्रेमचन्द अग्रवाल द्वारा भी किया गया था। जिसके बाद तहसील प्रशासन, फायर बिग्रेड एवं नगर निगम ने स्थलीय निरीक्षण जांच कर अपनी–अपनी रिपोर्ट जिला प्रशासन एवं शासन को प्रेषित कर दी थी। परन्तु राज्य सरकार द्वारा अभी तक वेन्डर भाईयों को किसी भी प्रकार की आर्थिक सहायता प्रदान नहीं की गयी है। उन्होंने मुख्यमंत्री विववेकाधीन कोष से आर्थिक सहायता दिलवाने की मांग की। मौके पर रामकृपाल गौतम, अन्नू गुप्ता आदि उपस्थित रहे।



### एसएसएमजेएन पीजी में द्रोणाचार्य धनुर्धर अकादमी खुली

**संवाददाता** हरिद्वार। एसएसएमजेएन पीजी कॉलेज के खेल मैदान में कॉलेज प्रबंध समिति के अध्यक्ष श्रीमहंत रविन्द्र पुरी ने द्रोणाचार्य धनुर्धर अकादमी का उदघाटन किया। उन्होंने कहा कि अकादमी में छात्रों को धनुर्विद्या का प्रशिक्षण दिया जाएगा। श्रीमहंत ने कहा कि उन्होंने कहा कि उत्तराखंड आचार्य द्रोण की कर्मभूमि रही है और हमें उस गौरवशाली परम्परा को जीवित करना है। उन्होंने छात्रों से आचार्य द्रोण के जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। कहा कि जिस प्रकार आचार्य द्रोण ने कम संसाधनों में कुरुवंश और पाण्डवों को धनुर्विद्या सिखाई। इसी तरह द्रोणाचार्य अकादमी भी श्रेष्ठ धनुर्धर तैयार करेगी। इस अकादमी से निकलकर युवा देश के लिए पदक जीत कर नाम रोशन करेंगे।

# सिपाही की पत्नी के बैग से जेवरात और कैश चोरी

**संवाददाता**

हल्द्वानी। रुद्रपुर पुलिस लाइन में तैनात सिपाही की पत्नी के बैग में रखे लाखों के जेवरात और कैश चोरी हो गया। आरोप है महिला के साथ टाटा मैजिक वाहन में बैठे चार लोगों ने वारदात को अंजाम दिया और फरार हो गए। मामले में पीड़ित ने गुरुवार को कोतवाली में तहरीर दी है। उधर, पुलिस की छानबीन में वाहन से उतरते हुए चार लोग दिख भी रहे हैं। मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

कोतवाली हल्द्वानी में दी गई तहरीर के मुताबिक गंगापुर रोड रुद्रपुर स्थित सत्या इन्कलेव निवासी नीमा राणा के पति संजय

**रुद्रपुर पुलिस लाइन में तैनात है सिपाही**

राणा रुद्रपुर पुलिस लाइन में सिपाही के पद पर तैनात हैं। तहरीर में नीमा ने बताया कि अल्मोड़ा निवासी भतीजी की शादी में शामिल होने के लिए वह बीते 21 अप्रैल को टाटा–मैजिक से हल्द्वानी आ रही थीं। मैजिक चालक ने उनके ट्रॉली बैग को पीछे की तरफ रख दिया था। रास्ते में चार युवक वाहन में सवार हुए। इनमें से एक युवक पीछे बैठा था। देवलचौड़ चौराहे पर चारों वाहन से उतरे और ई–रिक्शा बुक कर चले गए। इधर, नीमा गौलापार निवासी अपनी बहन के घर पहुंची। घर पहुंचने के बाद जब बैग रखा तो कटा देख हैरान रह गईं। बैग में रखे पांच लाख रुपये के जेवरात और पांच हजार रुपये की नगदी गायब थी। इसकी सूचना उन्होंने तुरंत अपने पति को दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने छानबीन शुरू की तो देवलचौड़ चौराहे पर टाटा मैजिक से उतरते चार युवक दिखाई दिए। पुलिस उनकी तलाश में जुटी है। कोतवाल उमेश कुमार मलिक ने बताया कि मामले में छानबीन की जा रही है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### ट्रक यूनियन के नरेन्द्र कैंतुरा बने अध्यक्ष

**संवाददाता** उत्तरकाशी। श्री काशी विश्वनाथ ट्रक एसोसिएशन की ओर से गुरुवार को एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से नरेन्द्र कैंतुरा को यूनियन का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। गुरुवार को जोशियाड़ा में श्री काशी विश्वनाथ ट्रक एसोसिएशन की एक बैठक संरक्षक शराफत कुरैशी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सभी वाहन स्वामियों ने अपनी समस्यायें रखी और संगठन से उसके निस्तारण की मांग की। जिस पर नव नियुक्त अध्यक्ष कैंतुरा ने सभी वाहन स्वामियों को आश्वस्त किया कि जल्द ही प्रशासन से वार्ता कर समस्याओं का निस्तारण किया जायेगा। इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष रामचंद्र उनियाल ने कैंतुरा को अध्यक्ष बनने पर बधाई दी और संगठन की गतिविधियों से रूबरू करवाया। उनियाल ने बताया कि कैंतुरा अनुभवी व्यक्ति हैं।

*मैले और गंदे कपड़े से यदि हमें शर्म आती है, तो गंदे और मैले विचारो से भी हमें शर्माना चाहिए। –अज्ञात*





पेज थ्री
www.page3news.in

# सीधी लकीर नहीं

**फैसले में कोर्ट ने यह भी कहा कि ऐसे मामलों में कोई एक लकीर नहीं खींची जा सकती कि कौन सी चल संपत्ति ब्योरा देने लायक है और कौन सी नहीं। हर केस के हिसाब से गौर किया जाना चाहिए। जाहिर है इस संभावना को लेकर ज्यादा सतर्कता बरतने की जरूरत होगी।**

गुलशन राय खत्री।।

सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम फैसले में असम, नगालैंड, मिजोरम और अरुणाचल प्रदेश हाईकोर्ट के आदेश को पलटते हुए व्यवस्था दी कि चुनाव में किसी प्रत्याशी के लिए अपनी हरेक चल संपत्ति का ब्योरा देना जरूरी नहीं है। फैसला इस लिहाज से खास है कि इसमें मतदाताओं के साथ–साथ प्रत्याशी के अधिकार का भी ध्यान रखने की जरूरत पर जोर दिया गया है। इसके अलावा यह इस बात की ओर भी ध्यान खींचता है कि शब्दों पर जरूरत से ज्यादा बल देना कभी–कभी अनजाने ही कानून को निरर्थकता की ओर ले जाने लगता है।

चुनाव सुधारों की बात करते हुए अमूमन मतदाताओं के जानने के अधिकार पर ज्यादा जोर रहता है। इस फैसले ने ध्यान दिलाया है कि प्रत्याशी भी इस देश के नागरिक हैं। ऐसे में मतदाताओं के सूचित होने के अधिकार को समुचित महत्व देते हुए भी प्रत्याशियों के निजता के अधिकार की ओर से पूरी तरह आंखें मूंद लेना ठीक नहीं होगा।

ध्यान रहे, जिस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने यह फैसला दिया है उसमें प्रत्याशी पर तीन वाहनों की जानकारी न देने और सरकारी आवास से जुड़े नो ड्यूज सर्टिफिकेट जमा न करने का आरोप था। शीर्ष अदालत ने इस तथ्य की ओर ध्यान दिया कि तीनों वाहन भले ही कागज पर प्रत्याशी के परिजनों के नाम पर हों, लेकिन वे पहले ही बेचे या गिफ्ट किए जा चुके थे। ऐसे ही इस तथ्य को लेकर कोई विवाद नहीं था कि प्रत्याशी पर किसी तरह का बकाया नहीं था, बस नो ड्यूज सर्टिफिकेट जमा न करने की बात थी। सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया कि इसे प्रत्याशी का निर्वाचन रद्द करने का आधार नहीं माना जा सकता।



फैसले में कोर्ट ने यह भी कहा कि ऐसे मामलों में कोई एक लकीर नहीं खींची जा सकती कि कौन सी चल संपत्ति ब्योरा देने लायक है और कौन सी नहीं। हर केस के हिसाब से गौर किया जाना चाहिए। किसी प्रत्याशी के परिजनों की सामान्य घड़ी का ब्योरा देना अनावश्यक हो सकता है, लेकिन अगर किसी के परिवार में बेहद महंगी कई सारी घड़ियां हों तो उसका ब्योरा छिपाया जाना अपराध हो सकता है।

यहां इस सवाल से नहीं बचा जा सकता कि क्या इस फैसले से आगे ऐसे मामलों में अलग–अलग व्याख्याओं की गुंजाइश बन गई है, जिसका दुरुपयोग हो सकता है। क्या इसका फायदा उठाते हुए आगे चलकर कुछ प्रत्याशी ऐसी भी सूचनाएं छुपा सकते हैं, जो चुनाव और वोटर के लिहाज से अहम हों?

जाहिर है इस संभावना को लेकर ज्यादा सतर्कता बरतने की जरूरत होगी। लेकिन इसमें संदेह नहीं कि सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले ने इस अहम कानून की सार्थकता बढ़ाने और इसे प्रासंगिक बनाए रखने का काम किया है।

## इच्छा



धर्म-दर्शन

**अशोक वोहरा।** संत जी ने चिट्ठी में लिखा था– कमल भयो कपूत, हमार कुल गयो डूब। कमल दास चिट्ठी लेकर एक संत के पास गए। उनको चिट्ठी दी। चिट्ठी पढ़ के वह समझ गए। उन्होंने कमल दास का मन टटोला और पूछा कि अचानक ये भजन के आयोजन का विचार कैसे हुआ ? कमल दास ने अहं के साथ बताया– कुछ नहीं। गुरू जी की लंबे समय से तीर्थ पर जाने की इच्छा थी। अब मैं सब कर ही लेता हूं तो मैने उन्हें कहा कि अब आप जाओ यात्रा कर आओ। तो वह जा रहे है ओर जाने से पहले भजन का आयोजन है। संत दोहे का अर्थ समझ गए। उन्होंने कमल दास से पूछा– तुम क्या–क्या कर लेते हो? वे बोले वही मरे को जिंदा करना बीमार को ठीक करना जैसे काम। संत जी ने कहा आज रुको और शाम को यहां भी थोड़ा चमत्कार दिखा दो। उन्होंने गांव में खबर करा दी। **शेष कल...**

# संपादकीय

## एकमात्र विकल्प

विरोधी दलों के अंदर इस बदले हुए भारत के सामूहिक मानस की अभी तक समझ नहीं है और इसी कारण वह अपनी भूमिका से उन्हें ठश्रच के साथ खड़े होने का ही विकल्प देते हैं। उदाहरण के लिए, नागरिकता संशोधन कानून का विरोध करना, संदेशखाली जैसी घटना पर चुप्पी बनाए रखना और रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण ठुकराना आम जनता को यही संदेश देता है कि इन मसलों पर आज भी अकेली बीजेपी ही उनके साथ है। बीजेपी के सामने एकमात्र चुनौती अपने लोगों को मतदान केंद्र तक पहुंचा देने की है। अगर यह भाव पैदा हो गया कि वे जीत ही रहे हैं तो लोगों की सक्रियता कम हो सकती है। ध्यान रहे, 2014 में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीजेपी को बहुमत मिलना देश के सामूहिक मानस में आए परिवर्तन की परिणति थी। भारतीय राजनीति में वह पैराडाइम शिफ्ट था, जो पिछले 10 वर्षों में ज्यादा सुदृढ़ और स्थिर हुआ है। धीरे–धीरे आम लोगों के अंदर भी भारत को उसके मूल संस्कारों की दृष्टि से देखने की भावना बलवती हुई है। उन्हें सरकार से सार्वजनिक सेवाएं बेहतर चाहिए, जीविकोपार्जन के अवसर भी चाहिए लेकिन आंतरिक और बाह्य सुरक्षा का वातावरण व सबसे बढ़कर हिंदुत्व और उसके आधार पर एक स्वाभिमानी देश के रूप में भारत सिर उठाकर खड़ा दिखना चाहिए।

2014 और 2019 में बीजेपी की विजय की संभावनाओं को साफ देखते हुए भी ज्यादातर विश्लेषक भविष्यवाणी करने से बच रहे थे। 2024 में यह हिचक खत्म है तो इसके पर्याप्त कारण हैं।

# एनडीए का कॉन्फिडेंस

अवधेश कुमार।।

लोकसभा चुनाव से ठीक पहले देश की राजनीतिक तस्वीर इतनी स्पष्ट हो चुकी है कि 4 जून के परिणामों को लेकर भविष्यवाणी करना जोखिम भरा नहीं रहा। 2014 और 2019 में बीजेपी की विजय की संभावनाओं को साफ देखते हुए भी ज्यादातर विश्लेषक भविष्यवाणी करने से बच रहे थे। 2024 में यह हिचक खत्म है तो इसके पर्याप्त कारण हैं।

दो महीने पहले तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीजेपी और एनडीए को इंडिया द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर चुनौती मिलने की जो संभावना दिख रही थी वह ज्यादातर राज्यों में समाप्त हो चुकी है। बिहार, दिल्ली, तमिलनाडु और महाराष्ट्र को छोड़ दें तो विपक्षी गठबंधन इंडिया कहीं नहीं है। बिहार में नीतीश कुमार के बाहर चले जाने के कारण आधा इंडिया ही है। महाराष्ट्र में बचा–खुचा गठबंधन भी डांवाडोल है।

विपक्ष की सबसे बड़ी पार्टी होने के बावजूद कांग्रेस गठबंधन की नेतृत्वकर्ता या निर्धारक नहीं बन पाई। वह अन्य दलों की इच्छाओं के अनुरूप सीटें स्वीकारने को विवश है। दूसरी ओर एनडीए पहले जैसी स्थिति बरकरार रखने के साथ ही आंध्रप्रदेश में तेलुगु देशम और जनसेना तो तमिलनाडु में पीएमके और तमिल मनीला कांग्रेस जैसी पार्टियों को भी जोड़ने में सफल रहा है।



इसका नेतृत्व और नियंत्रण पूरी तरह बीजेपी के हाथों है और नरेंद्र मोदी इसके सर्वमान्य नेता हैं।

ओडिशा में बीजेपी और पंजाब में अकाली दल के साथ गठबंधन इसलिए नहीं हुआ कि बीजेपी अपनी वर्तमान स्थिति के अनुसार सीटें चाहती है। पंजाब में अकाली दल पहले की मानसिकता में उसे छोटी पार्टी मानकर गठबंधन करना चाहता था जबकि बीजेपी बदले हुए माहौल में बड़े भाई की भूमिका चाहती थी। यह आत्मविश्वास से भरी हुई पार्टी का व्यवहार है। पूरे उत्तर, पश्चिम और पूर्वी भारत में ऐसा कोई कारक नहीं है, जिससे मान लिया जाए कि 2019 के मुकाबले ठश्रच की सीटें कम होंगी। ज्यादातर राज्यों में जितनी संख्या में दूसरी पार्टियों से नेता–कार्यकर्ता ठश्रच की ओर आए हैं, उनसे सीटें बढ़ जाने की आधारभूमि बनी है। उदाहरण के लिए, पश्चिम बंगाल का माहौल ढाई महीने में इतना बदल चुका है कि लगभग 30 प्रतिशत मुस्लिम मतदाता होने के बावजूद तृणमूल कांग्रेस को कड़ा संघर्ष करना पड़ रहा है। बीजेपी प्रदेश में लोकसभा सीटों की बड़ी संख्या जीत ले तो उसमें आश्चर्य नहीं होना चाहिए।

बीजेपी के लिए दक्षिण में आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु और केरल सबसे बड़ी चुनौती रहे हैं। आंध्र में गठबंधन होने के बाद उसकी झोली में कुछ सीटें आना निश्चित है। तमिलनाडु में बड़ी–छोटी पार्टियों के अनेक पूर्व जनप्रतिनिधियों का बीजेपी में आना तथा क्डज्ञ का सनातन के विरुद्ध तीखा हमला करना बताता है कि माहौल बदला है। बीजेपी वहां से कुछ सीटें निकाल सकती है। केरल में भी सात–आठ सीटों पर वह वाम मोर्चा और लोकतांत्रिक मोर्चे को कड़ी चुनौती दे रही है। कर्नाटक का आंतरिक कलह अवश्य बीजेपी के लिए चुनौती है लेकिन पूरी तस्वीर को देखें तो बीजेपी और एनडीए की लोकसभा सांसदों की संख्या 2019 के मुकाबले बढ़ने वाली है।

### अष्टयोग-5025

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | 1 | 5 | | 7 | 4 |
| | 29 | 4 | 29 | 6 | 29 | |
| 7 | | 2 | | | 1 | |
| | 31 | | 38 | | 30 | 2 |
| 1 | 5 | | 7 | 4 | | 6 |
| | 32 | 5 | 36 | | 34 | 7 |
| | | 7 | | 1 | 6 | |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

अष्टयोग 5024 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 2 | 5 | 4 | 1 | 7 |
| 1 | 27 | 7 | 33 | 5 | 38 | 3 |
| 3 | 4 | 1 | 2 | 7 | 6 | 5 |
| 7 | 27 | 6 | 35 | 3 | 38 | 2 |
| 2 | 1 | 3 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 4 | 27 | 5 | 35 | 2 | 27 | 1 |
| 5 | 3 | 4 | 7 | 1 | 2 | 6 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

अपना ब्लॉग

## संघ की भूमिका

**मोहन।** संघ परिवार ने लंबे समय से समाज में काम करते हुए धीरे–धीरे मानस बदला है, उससे ऐसा बड़ा सक्रिय वर्ग तैयार हुआ है जो इन दृष्टियों से अलग–अलग माध्यमों और अवसरों से समाज में सतत जागरण करता है। यूपीए सरकार के विरुद्ध माहौल बनाने में उसकी बड़ी भूमिका थी। नरेंद्र मोदी ने आम आदमी के साथ स्वयं को कनेक्ट करके उसे जबरदस्त राजनीतिक लाभ में परिणत किया। राम मंदिर निर्माण और 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा ने पूरे देश को एक साथ खड़ा किया है। हाल में संपन्न नागपुर की प्रतिनिधि सभा बैठक में संघ द्वारा दिए गए विवरण के अनुसार राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व 19 करोड़ 38 लाख परिवारों तक पूजित अक्षत पहुंचाया गया और 22 जनवरी को पांच लाख 60 हजार स्थानों पर 9.85 लाख कार्यक्रम हुए। कल्पना कर सकते हैं कि इससे कितना व्यापक जन समुदाय जुड़ा। आज देश में किसी भी संगठन की इतने बड़े कार्यक्रम को इतने सफलतापूर्वक संपन्न कराने की शक्ति नहीं है। चूंकि इस समय लोगों के पास बीजेपी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ही श्रेष्ठ विकल्प हैं, इसलिए अनेक वाजिब असंतोष और प्रश्न होते हुए भी वे सामान्यतरूउनके विरुद्ध जाकर मतदान नहीं कर सकते।





## आठ साल के वरुण धवन को श्रद्धा कपूर ने स्कूल में किया था प्रपोज

बॉलीवुड के हरफनमौला एक्टर वरुण धवन 37 साल के हो गए हैं। 24 अप्रैल 1987 को पैदा हुए वरुण में सलमान खान और गोविंदा की छाप दिखती है। इसकी वजह यही है कि वह बचपन से इन दोनों सपुरस्टार के दीवाने रहे हैं। यह वाजिब भी है, क्योंकि वरुण के पिता डेविड धवन ने जहां गोविंदा के साथ 18 फिल्में बनाई हैं, वहीं सलमान के साथ 8 फिल्मों में काम किया है। हालांकि, वरुण धवन अपने आप में एक बेहतरीन एक्टर हैं। सही मायने में देखा जाए तो अभी तक बॉलीवुड ने उनके टैलेंट को सही तरीके से इस्तेमाल नहीं किया है। यदि आपने वरुण की बदलापुर और अक्टूबर जैसी फिल्में देखी हैं, तो इस बात को अच्छे से समझते होंगे। खैर, साल 2012 में करण जौहर की फिल्म स्टूडेंट ऑफ द ईयर से डेब्यू करने वाले वरुण ने बीते 12 साल में 17 फिल्मों में काम किया है। यह दिलचस्प है कि डेब्यू के साथ ही उनकी लगातार 11 फिल्में बॉक्स ऑफिस पर सफल रहीं। आगे वह एटली के बैनर तले बन रही फिल्म बेबी जॉन में एक्शन करते हुए नजर आएंगे। जबकि ओटीटी पर वह सिटाडेल: हनी बनी में सामंथा रुथ प्रभु संग दिखेंगे। वरुण धवन के जन्मदिन पर आज बात उनके बचपन की करते हैं। डेविड धवन और करुणा धवन के घर पैदा हुए वरुण को प्यार से घर पर पप्पू पुकारा जाता है। आपको यह जानकारी हैरानी हो सकती है कि आज भले ही दोनों बेहद अच्छे दोस्त हों, लेकिन स्कूल में वरुण अपनी श्रद्धा के क्रश हुआ करते थे। यही नहीं, श्रद्धा ने तो बकायदा वरुण को प्रपोज भी कर दिया था। वो भी आठ साल की उम्र में।

## दिल तो पागल है में माधुरी दीक्षित से डर गई थीं मनीषा कोइराला

शाहरुख खान ने हाल ही में साउथ सुपरस्टार मोहनलाल के वीडियो पर कॉमेंट किया था जिसमें वो उनकी फिल्म श्जवानश के सॉन्ग श्जिंदा बंदाश पर डांस करते नजर आ रहे थे। मोहनलाल के डांस स्टेप देख शाहरुख भी हैरान थे और उन्होंने उनकी तारीफ करते हुए यहां तक कहा था कि काश वो उनका आधा भी कर पाते। उन्होंने उनसे डिनर पर मुलाकात की भी इच्छा जाहिर की। अब शाहरुख के इसी पोस्ट पर मोहनलाल ने भी रिएक्शन दिया है, जिसमें उन्होंने डिनर के साथ–साथ ब्रेकफास्ट पर भी मिलने की बातें कही हैं। हाल ही में कोच्चि में एक फिल्म अवॉर्ड्स इवेंट के दौरान साउथ सुपरस्टार मोहनलाल ने फिल्म श्जवानश के सॉन्ग श्जिंदा बंदाश पर शानदार परफॉर्म किया। उनकी एनर्जी और स्टेप्स ने हर किसी को हैरान किया। सोशल मीडिया पर इस डांस का वीडियो खूब सुर्खियां बटोर रहा और उनके स्टेप्स को देखकर शाहरुख भी हैरान रह गए। शाहरुख ने उनकी तारीफ करते हुए एक मजेदार पोस्ट किया जिसपर अब एक्टर का भी जवाब आ गया है।

## रणवीर सिंह के पिता ने एक्स यूजर के खिलाफ दर्ज कराई एफआईआर





महाराष्ट्र पुलिस की साइबर सेल ने एक एकस यूजर के खिलाफ कथित तौर पर एक डीपफेकश या हेरफेर किया गया वीडियो अपलोड करने के लिए एफआईआर दर्ज की। इस डीपफेक वीडियो में रणवीर कांग्रेस पार्टी के लिए वोट करने की अपील करते नजर आए थे और पीएम मोदी की आलोचना करते हुए। रणवीर के पिता ने एक्स यूजर के खिलाफ शिकायत की, जिसके बाद केस दर्ज किया गया। रणवीर सिंह के उस वीडियो से छेड़छाड़ हुई, जिसमें वो काशी में एक इंटरव्यू दे रहे थे। एक्टर के पिता ने शिकायत में कहा, श्रणवीर सिंह ने कभी ऐसा नहीं कहा और उनका किसी भी राजनीतिक दल से कोई संबंध नहीं है। अधिकारी ने बताया कि एफआईआर भारतीय दंड संहिता की धारा 417 (धोखाधड़ी), 468 (धोखाधड़ी के उद्देश्य से जालसाजी), 469 (प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से जालसाजी) और इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी एक्ट की धाराओं सहित संबंधित धाराओं के तहत दर्ज की गई थी। मामले की जांच जारी है। बीते दिनों आमिर खान का भी डीपफेक वीडियो वायरल हुआ था। इस संबंध में उन्होंने भी अज्ञात शख्स के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। इस वीडियो में वो कथित तौर पर एक राजनीतिक पार्टी का प्रचार करते हुए दिख रहे थे।

# 10 साल के बेटे की मौत से शेखर सुमन की हालत हो गई थी खराब




एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

*एक्टर शेखर सुमन इन दिनों संजय लीला भंसाली की वेब सीरीज हीरामंडी के कारण सुर्खियों में हैं। वह इसके प्रमोशन के लिए इंटरव्यूज भी दे रहे हैं। एक यूट्यूब चैनल से खास बातचीत के दौरान उन्होंने अपने 11 साल के बेटे की मौत को याद किया। उन्होंने बताया कि उस नन्हीं जान को खोने के दौरान उनकी क्या हालत हो गई थी। उनके अंदर जीने की इच्छा खत्म हो गई थी। इनता ही नहीं, वह जमीन पर अपना सिर तक पीटने लगे थे। सिद्धार्थ कन्नन को दिए इंटरव्यू में शेखर सुमन भावुक हो गए। उन्होंने खुलासा किया कि बेटे आयुष की 10 साल की उम्र में मौत हो गई थी तो उसके बाद उनके अंदर सफलता पाने और पैसे कमाने की इच्छा मर गई थी। वह एकदम निर्जीव महससूस करने लगे थे। वह दुख में जमीन पर अपना सिर पीटते थे। वह खालीपन महसूस करते थे। सिर्फ परिवार को सपोर्ट करने के लिए वह काम करते थे। लेकिन वास्तव में जीना नहीं चाहते थे।*

**ज्योतिषी ने बेटे आयुष के लिए कही थी ये बात**

एक्टर ने आगे बताया कि आयुष के जाने के बाद उन्होंने कई ज्योतिषों को अपना हाथ दिखाया था कि ऐसा उनके साथ क्यों हुआ तो उन लोगों ने कहा कि आप ही नहीं है दुनिया में, ऐसा कई लोगों के साथ हो चुका है। लेकिन ये सांत्वना देने वाली बात होती है, जिसके साथ ऐसी घटना होती है, वो ही उसका दर्द महसूस कर सकता है। शेखर सुमन ने बताया, एक दिन किसी ने कहा कि एक दिन वो आपके सामने आएगा। एक बार आएगा



और दर्शन देगा। कहीं ना कहीं, हमने उनकी बातों पर विश्वास कर लिया कि ऐसा होगा और उसी दिशा में हम सोचने लगे।

**शेखर सुमन को आया था पत्नी का कहल**

शेखर ने आगे बताया, बाबा विश्वनाथ के मंदिर गई थीं अलका। मैं उस वक्त चुनाव लड़ रहा था। 2009 में। पटना में था। कैम्पेनिंग कर रहा था। भाषण दे रहा था। अक्सर मैं बीच में फोन नहीं उठाता था। लेकिन उस दिन पता नहीं दिमाग में क्या आया, मैंने फोन उठा लिया और कहा हेलो.. उधर से अलका मुस्कुराईं और बोलीं कि तुमको पता है कि क्या हुआ? मैंने उनसे कोई दूसरा सवाल नहीं किया कि सब ठीक है या कोई बात हुई, सीधा पूछा कि तुम आयुष से मिली क्या? तो अलका ने कहा कि तुमको कैसे पता?

**पत्नी अलका को दिखा था बेटा आयुष**

शेखर की पत्नी अलका ने फोन पर एक्टर को बताया, आधे सेकेंड के लिए मैं उससे मिली। मैं गाड़ी में बैठी थी एक आवाज आई कि कुछ पैसे मिलेंगे? और मैंने 10 रुपये का नोट निकालकर दिया और मैं कुछ करने में बिजी हो गई और तभी वहां से आवाज आई कि इससे मेरा क्या होगा?

**शेखर सुमन का बेटा बोलता था ये बात**

एक्टर ने बताया, ये आयुष बोलता था, जब वह बीमार था और उसे कई सारी चीजें खाने से मनाही थी। अचार– पापड़ नहीं खा सकता था। ये नहीं खा सकता था वो नहीं खा सकता था। और अगर हम उसे एकदम थोड़ा–सा देते थे तो वो बोलता– इतने से मेरा क्या होगा? फिर जब अलका ने उस दौरान ये सुना और उसने देखा तो आयुष ही था। फिर जब वो और पैसे निकालने के लिए झुकी और मुड़ी तब तक वो गायब हो गया था। बीच मैदान में गाड़ी खड़ी थी। कहीं से कोई नहीं आ सकता था। जा सकता था।

# कपिल के शो पर आमिर खान बोले– क्यों नहीं जाते अवॉर्ड शो में

*द ग्रेट इंडियन कपिल शोश के नए एपिसोड में अगले मेहमान होंगे आमिर खान। ऐसा पहली बार होगा जब कपिल के शो पर आमिर खान पहुंच रहे हैं और इससे पहले ही शो का प्रोमो वीडियो लोगों का दिल जीत रहा है।*



द ग्रेट इंडियन कपिल शो का प्रोमो वीडियो सामने आया है जिसमें कपिल और सुनील के शो पर हर तरफ ठहाकों की गूंज सुनाई दे रही है। पहली बार शो पर आमिर खान पहुंचे हैं। यकीनन आमिर को लेकर तमाम सवालों के जवाब लोगों को मिलने वाले हैं। आमिर खान इस शो में बताते नजर आ रहे हैं कि उनके बच्चे उनकी बातें नहीं सुनते।

**आमिर ने बताया - शो पर आने से पहले खूब हुआ डिस्कशन**

उन्होंने बताया कि शो पर आने से पहले उन्हें क्या पहनना है इसे लेकर लंबा–चौड़ा डिस्कशन हुआ। उन्होंने बताया कि वो शॉर्ट्स में आनेवाले थे, लेकिन बच्चों की वजह से जीन्स पहननी पड़ी। आमिर की ये बातें सुनकर सभी हंस पड़ते हैं।

**आमिर खान ने बताया- अवहर्ड लेने क्यों नहीं जाते वो**

इस शो में अर्चना सिंह ने आमिर से पूछा– अवॉर्ड लेने तुम क्यों नहीं जाते? आमिर ने जवाब देते हुए कहा– वक्त बहुत कीमती है, उसका सही इस्तेमाल करना चाहिए।

**कपिल ने पीके में रेडियो वाले सीन पर किया सवाल**

इसके बाद कपिल ने गुदगुदाते हुए उनसे पूछा– फिल्म पीके में जो रेडियो आपने पकड़ा था, भगवान न करे लेकिन अगर रेडियो की फ्रीक्वेंसी ऊपर–नीचे हो जाती, आपको डर नहीं लगा कि सारा ब्रॉडकास्ट वहीं हो जाता? इसपर आमिर ने कहा– उस फिल्म में मुझे यहां से वहां भागना था, जब तक मैं चल रहा हूं तब तक तो ठीक है...। उनकी इतनी ही बातें सुनकर सभी ठहाके लगाकर हंस पड़ते हैं।

**कपिल ने आमिर से पूछी सेटल होने की बात**

आखिर में कपिल उनसे पूछते हैं– आपको नहीं लगता कि अब आपको भी सेटल हो जाना चाहिए? आमिर खान के साथ कपिल के इस शो का ना एपिसोड नेटफ्लिक्स पर शनिवार शाम 8 बजे प्रसारित किया जाएगा।

# सुबह का सबसे अच्छा नुस्खा, फिट होगा शरीर



**वजन कंट्रोल करने में मदद**
वेट लॉस के लिए सुबह खाली पेट नींबू और शहद का सेवन ज्यादा फायदेमंद है। गुनगुने पानी में शहद और नींबू डालकर पीने से बढ़ा हुआ वजन जल्दी कंट्रोल होता है। शहद आपके मेटाबॉलिज्म को बढ़ाता है, जिससे आप तेजी से कैलोरी बर्न कर पाते हैं।

*नींबू और शहद एंटीअहक्सीडेंट गुणों से भरपूर होते हैं, जिसके शरीर को कई फायदे मिलते हैं। नींबू और शहद वाले पानी का सेवन अक्सर लोग वेट लहस के लिए करते हैं, लेकिन इससे केवल वजन को ही कंट्रोल नहीं किया जा सकता है।*

नेशनल इंस्टीटयूट ऑफ हेल्थ के अनुसार नींबू आपके शरीर में विटामिन सी की कमी को पूरा करता है। शहद में मौजूद अमीनो एसिड्स, फ्लेवोनॉयड्स और फ्रुक्टोज जैसे तत्व नींबू के साथ मिलकर उसे गुणकारी बनाते हैं। ये आपके इम्यूनिटी को भी बूस्ट करते हैं, जिससे कई दूसरी बीमारियों का भी खतरा कम होता है। आइए जानते हैं इसके हेल्थ बेनिफिट्स के बारे में यहां।

**इम्यूनिटी को बढ़ाएगाः** शहद और नींबू में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट और एंटी माइक्रोबियल गुण आपकी इम्यूनिटी को बूस्ट करने का काम करते हैं। इम्यूनिटी स्ट्रांग होने से आप कई बीमारियों से आराम से लड़ पाते हैं। साथ ही बैक्टीरियल, वायरल और फंगल इंफेक्शन से राहत मिलती है।

**ऊर्जा मिलेगीः** गर्म पानी में नींबू और शहद का सेवन करने से शरीर में ऊर्जा भी बढ़ती है। शहद में भी कार्बोहाइड्रेट्स, फ्रुक्टोज, ग्लूकोज और एंटीऑक्सीडेंट होते हैं, जो शरीर में ऊर्जा के स्तर को बढ़ाने में मदद करते हैं। इससे दिन में आने वाली थकावट और आलस कम होता है।

**विटामिन सी की कमी पूरी**
नींबू में विटामिन सी की अच्छी मात्रा होती है और हमारे शरीर में इस विटामिन का बहुत महत्वपूर्ण रोल है। यह शरीर को संक्रमण से लड़ने में मदद करता है और यह आपकी स्किन हेल्थ के लिए भी अच्छा है।

**पाचन को सुधारना**
नींबू और शहद वाला गुनगुना पानी पीने से आपके पाचन में भी सुधार होता है। खासतौर पर जो लोग कब्ज की समस्या से परेशान हैं। यह अपच, एसिडिटी और गैस को दूर करने में मदद करता है। अगर आपको हार्ट बर्न जैसी समस्याएं होती है, तो उससे निजात पाने के लिए भी यह मददगार साबित हो सकता है।



## पीरियड्स खत्म होते ही 9 दिन खाएं ये चीज, वजन हो जाएगा आधा

महिलाओं को मोटापा जल्दी पकड़ लेता है और जब घटाने की बारी आती है तो उतना ही ज्यादा वक्त लगता है। सबसे बड़ा दुख उन्हें तब होता है, जब उनसे आधी मेहनत करके पुरुष जल्दी पतले हो जाते हैं। ऐसा शारीरिक और हॉर्मोनल अंतर की वजह से होता है। लेकिन अगर महिलाओं को सही जानकारी हो तो वे पुरुषों से जल्दी वजन घटा सकती हैं। वो भी सिर्फ महीने के 9 दिन मेहनत करके। महिलाओं के वेट लॉस का यह बेस्ट तरीका क्लीनिकल न्यूट्रिशनिस्ट डॉ. निधि चौधरी ने बताया है। उन्होंने यह भी बताया कि आखिर पुरुषों का वेट लॉस कम समय में क्यों हो जाता है। इसके पीछे हॉर्मोन एक बड़ी वजह हैं, लेकिन इस जानकारी के बाद महिलाएं भी बहुत जल्दी वजन घटा सकती हैं। पेट और जांघ के साथ पूरे शरीर की चर्बी मक्खन की तरह पिघल जाएगी।
न्यूट्रिशनिस्ट ने बताया कि अगर महिलाएं और पुरुष 1 हफ्ते डाइटिंग करें तो उसका रिजल्ट एकदम अलग होता है। पुरुष जहां कॉफी में केवल चीनी–क्रीम छोड़कर 10 पाउंड (4.5) किलो वजन घटा लेते हैं। वहीं, महिलाएं सातों दिन हर घंटा जिम जाएं, कार्ब्स हटाएं, शराब और खाना छोड़ दें तो भी आधा किलो वजन बढ़ा हुआ मिलता है।
न्यूट्रिशनिस्ट निधि चौधरी ने बताया कि महिलाओं का फैट ज्यादा होने के पीछे हॉर्मोन जिम्मेदार होता है। हॉर्मोन की वजह से उनका शरीर ज्यादा फैट स्टोर करता है ताकि प्रेगनेंसी में गर्भधारण कर सके। इस कारण उन्हें मोटापा भी जल्दी पकड़ता है।

# मटन छोड़ खाएं चिकन, मिट जाएंगी सारी बीमारी, आएगी ताकत

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



*कुछ लोगों को मटन खाना पसंद होता है तो कुछ चिकन के शौकीन होते हैं। दोनों मांसाहारी खाद्य पदार्थों में पोषक तत्व होते हैं। यह मसल्स, नसें, दिमाग, दिल को मजबूत बना सकते हैं। नॉन वेजिटेरियन फूड्स काफी हेल्दी साबित होते हैं। मगर कई लोगों को लगता है कि आयुर्वेद में इन्हें खाने से मना की गई है। आयुर्वेदिक एक्सपर्ट डॉ. नितिका कोहली का कहना है कि आयुर्वेद नॉन वेजिटेरियन फूड खाने से मना नहीं करता है। बस यह आपको कुछ नियमों को फॉलो करने बारे में बताता है। यह बताता है कि कब कौन सा नॉन वेज फूड खा सकते हैं। मांसाहार खाने के यह नियम आपके शरीर को फिट रख सकते हैं।*

**आयुर्वेद में नहन वेज खाने के नियम**
डॉ. नितिका कोहली ने बताया कि आयुर्वेद किसी को मांसाहार का सेवन करने से नहीं रोकता। आयुर्वेद में बहुत सारे नॉन वेजिटेरियन फूड्स का जिक्र मिलता है। यह बताता है कि किस बीमारी में कौन सा मांस खाना चाहिए और कौन सा नहीं खाना चाहिए। इसे किसी दवा की तरह खाने के लिए कहा गया है।

**ये लोग मटन नहीं, चिकन खाएं**
डॉक्टर का कहना है कि नॉन वेज फूड्स को शरीर की प्रकृति के मुताबिक खाना चाहिए। अगर आपका कफ दोष भारी है



तो आपको मटन नहीं खाना चाहिए। ऐसे लोग चिकन खा सकते हैं।

**पित्त दोष में नहीं लें मांसाहार**
जब एक्सपर्ट्स से पूछा गया कि क्या पित्त दोष में मटन खा सकते हैं? तो उन्होंने कहा कि जिसका पित्त दोष भारी हो, उसे कोई भी मांसाहारी खाद्य पदार्थ नहीं खाना चाहिए। ये फूड्स शरीर में समस्याएं पैदा कर सकते हैं।


**वात दोष में नॉन वेज फूड**
वात दोष में पाचन की समस्याएं अक्सर रहती हैं। ऐसे लोगों को गैस, अपच, अफारा, एसिडिटी की शिकायत रहती है। इसलिए इन्हें अपने मुताबिक मसाले हल्के रखने चाहिए। पेट की क्षमता के मुताबिक फूड्स और मात्रा का चुनाव करें। वात में आईबीएस के लक्षण दिखते हैं, इसलिए शरीर को समझकर ही कुछ खाएं।

**कुछ हेल्दी नहन वेजिटेरिन फूड्स**
■चिकन
■अंडा
■फैटी मछली
■जानवरों की कलेजी

## नाइट शिफ्ट में काम करने वाले लोगों में बढ़ सकती हैं इस तरह की हेल्थ प्रॉब्लम

डायबिटीज, हाइपरटेंशन, तनाव और हार्ट प्रॉब्लम के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ती जा रही है। सबसे ज्यादा चिंता की बात यह कि बहुत कम उम्र के लोग इसके शिकार हो रहे हैं। इन बीमारियों की वजह खराब लाइफस्टाइल तो है ही, लेकिन आजकल जो नाइट शिफ्ट का ट्रेंड चल गया है, इसे करने वाले लोग ज्यादा हेल्थ प्रॉब्लम के शिकार हो रहे हैं। पूरे रात की एक लंबी और अच्छी नींद हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। रात के नींद की तुलना कभी भी दिन के नींद से नहीं की जा सकती है। नाइट शिफ्ट वालों को अपनी हेल्थ की तरह खास ध्यान देना चाहिए। इस आर्टिकल में हम जानेंगे कि नाइट शिफ्ट करने वालों में कौन–कौन से हेल्थ प्रॉब्लम के खतरे बढ़ सकते हैं। नाइट शिफ्ट करने वालों में नींद न आने की समस्या सबसे ज्यादा देखी जाती है। नाइट शिफ्ट के बाद दिन कुछ लोगों को दिन में भी नींद नहीं आती है या बस एक से दो घंटे के लिए ही नींद आती है स्लीप साइकिल बिगड़ने की वजह से एंजाइटी की भी समस्या हो सकती है। जो महिलाएं लगातार नाइट शिफ्ट करती हैं, उनमें आपको ब्रेस्ट कैंसर होने की संभावना बढ़ सकती है।

## पेट की गर्मी को हमेशा के लिए करेगा शांत, कब्ज का मिटा देगा नामोनिशान



सौंफ का पानी गर्मियों में पेट की समस्याओं के लिए एक रामबाण इलाज है। सौंफ में कई पाचनीय गुण होते हैं, जो पेट की समस्याओं को दूर करने में सहायक हैं। सौंफ का पानी के सेवन से कब्ज, गैस, तनाव और पेट दर्द की समस्या में राहत मिलती है। सौंफ में एंटीऑक्सीडेंट की उच्च मात्रा पाई जाती है और इसमें एंटी–इंफ्लेमेटरी गुण भी होते है, जो आपके पाचन स्वास्थ्य को सुधारने में मदद कर सकते हैं। इसे सौंफ का पानी बनाने के लिए 1 बड़ा चम्मच सौंफ और 1 कप पानी लें। रातभर के लिए पानी में सौंफ डालकर रख दें और फिर सुबह इसे 5 मिनट के लिए इसे उबाल लें। फिर इसे हल्का ठंडा कर के पिएं। सौंफ में पाचन को सुधारने वाले गुण होते हैं, जो अपच, गैस, ब्लोटिंग और एसिडिटी को कंट्रोल करते हैं। सौंफ में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स और एंटी–इन्फ्लेमेटरी गुण पेट की सूजन और अन्य समस्याओं को भी कम करने में मदद करते हैं। सौंफ का सेवन बदहजमी की समस्या को भी ठीक करता है। सौंफ का पानी पेट में बनने वाले गैस्ट्रिक एसिड की मात्रा को नियंत्रित करने में भी मदद कर सकता है।



### चिकारा के बहुत आभारी

हनाह ने कहा, हम चिकारा के बहुत आभारी हैं। चिकारा को पार्टी में कुछ अतिरिक्त चिकन मिलना तय है। चिकारा को कुछ हल्की–फुल्की चोटें आईं हैं और उसका उपचार चल रहा है। वो जल्द ही ठीक हो जाएंगे। अच्छी बात यह है कि गाय विटल भी बात कर पा रहे हैं। वो सभी को बता रहे हैं कि किस तरह तेंदुए से लड़े, लेकि हम सभी जानते हैं कि चिकारा ने ही उन्हें बचाया है।

## जिंबाब्वे के पूर्व क्रिकेटर गाय विटल पर तेंदुए ने किया जानलेवा हमला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। जिंबाब्वे क्रिकेट टीम के पूर्व ऑलराउंडर गाय विटल पर हुमानी क्षेत्र में हाल ही में तेंदुए ने जानलेवा हमला किया। डेली मेल की रिपोर्ट के मुताबिक गाय विटल हुमानी क्षेत्र में ट्रैकिंग के लिए गए थे, जहां उन पर तेंदुए ने जानलेवा हमला किया। पूर्व ऑलराउंडर इस समय ठीक होने में जुटे हुए हैं। गाय विटल के पालतू कुत्ते चिकारा ने तेंदुए से लड़ाई की और 51 साल के क्रिकेटर की जान बचाई। हालांकि, चिकारा को तेंदुए ने काट लिया और उसका भी उपचार किया जा रहा है। गाय विटल की पत्नी हनाह ने इस खबर की पुष्टि की और अपने पति की पट्टियों से ढके शरीर की फोटो सोशल मीडिया पर शेयर की है। पूर्व ऑलराउंडर को एयरलिफ्ट के जरिये हरारे भेजा गया, जहां उनका घाव भरने के लिए सर्जिकल उपचार किया जाएगा। हनाह के हवाले से डेली मेल ने कहा, गाय विटल वाकई भाग्यशाली हैं। पहले मगरमच्छ और अब तेंदुआ, वो वाकई 9 जिंदगी वाली बिल्ली हैं। गाय विटल भाग्यशाली थे कि चिकारा वहां उनकी मदद करने को था, जिसने तेंदुए को दूर भगा दिया। वरना कौन जानता है कि इसका अंत कैसे होता।

### न्यूज डायरी



## अक्षर पटेल ने वीरेंद्र सहवाग के अद्भुत रिकॉर्ड की बराबरी की

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। अरुण जेटली स्टेडियम में गुजरात टाइटंस के खिलाफ जीत के हीरो का तमगा यानी प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड भले ही ऋषभ पंत के खाते में गया, लेकिन असल में शुभमन गिल की टीम के खिलाफ पासा पलटने वाला प्रदर्शन अक्षर पटेल ने किया। जब पंत स्ट्रगल कर रहे थे तो अक्षर पटेल ने करिश्माई बैटिंग करते हुए टीम को उबारा और फिर गेंदबाजी में कामल का प्रदर्शन करते हुए अहम मौके पर अजमतुल्लाह ओमरजई को एक रन पर आउट किया। यही नहीं, उन्होंने 3 कैच भी पकड़े। उनके इस दमदार प्रदर्शन के दम पर ही दिल्ली कैपिटल्स 4 रनों से जीत सकी। खैर, इसके साथ ही अक्षर पटेल किसी एक आईपीएल मैच में हाफ सेंचुरी के अलावा विकेट और कैच लेने वाले यानी तीनों ही विभाग में दिल्ली कैपिटल्स के लिए शानदार प्रदर्शन करने वाले चौथे खिलाड़ी बन गए हैं। अक्षर पटेल ने 43 गेंदों में 5 चौके और 4 छक्के लगाते हुए 66 रन की पारी खेली। एक विकेट लेने के अलावा मैच में रिद्धिमान साहा, शुभमन गिल और साई सुदर्शन का कैच लपका। ये तीनों ही बल्लेबाज ऐसे हैं, जिनका बल्ला अगर चल जाए तो किसी भी पल मैच पलट सकता है। इस तरह अक्षर पटेल दिल्ली कैपिटल्स के पूर्व कप्तान वीरेंद्र सहवाग की खास लिस्ट में अपना नाम दर्ज करवा लिया।

## आईपीएल इतिहास में ये हैं सबसे अधिक रन लुटाने वाले गेंदबाज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मुकाबले में गुजरात टाइटंस के अनुभवी तेज गेंदबाज मोहित शर्मा की खूब धुनाई हो गई। मोहित ने अपने चार ओवर के स्पेल में 73 रन खर्च डाले। इसके साथ ही मोहित आईपीएल इतिहास के सबसे खर्चीले गेंदबाज का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। हालांकि, ऐसा पहली बार नहीं हुआ है जब किसी गेंदबाज को आईपीएल में खूब रन पड़े हैं। ऐसे में आइए जानते हैं उन गेंदबाजों के बारे में जिन्होंने आईपीएल मैचों में अपने स्पेल में सबसे ज्यादा रन देने का रिकॉर्ड बनाया है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के तेज गेंदबाज रीस टॉपली की इसी सीजन में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ खूब पिटाई हुई थी। टॉपली ने अपने चार ओवर के स्पेल में 68 रन लुटा दिए और सिर्फ एक विकेट हासिल कर पाए थे। चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में सनराइजर्स ने आईपीएल इतिहास का सबसे बड़ा 287 रन स्कोर भी खड़ा किया था। आईपीएल 2023 में गुजरात टाइटंस के लिए खेलने वाले यश दयाल भी सबसे महंगे गेंदबाजों में से एक रहे हैं। केकेआर के खिलाफ मैच में यश दयाल ने अपने चार ओवर के स्पेल में 69 लुटा दिए। उनके एक ओवर में तो रिंकू सिंह ने लगातार पांच छक्के भी उड़ाए थे। सनराइजर्स हैदराबाद के लिए खेलने वाले तेज गेंदबाज बासिल थम्पी को भी उनके चार में 70 रन पड़ गए थे।

## गिड़गिड़ाते रह गए अनिल कुंबले, रॉबिन उथप्पा ने नहीं सुनी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। ई साला कप नामदे.. इंडियन प्रीमियर लीग में रॉयल चौलेंजर्स बेंगलुरु के फैंस के लिए यह वाक्य एक सपने की तरह बन गया है। 2008 से शुरू हुए आईपीएल में आरसीबी उन चुनिंदा टीमों में से एक है जो एक भी बार चैंपियन नहीं बन पाई है। इस टीम में एक से बढ़कर चैंपियन खिलाड़ी रहे हैं, लेकिन खिताब इनसे दूर ही रही है। ऐसा नहीं है कि टीम ने टूर्नामेंट में अच्छा खेल नहीं दिखाया है। आरसबी तीन बार फाइनल में पहुंच चुकी है, लेकिन हर बार उसकी किस्मत उसे दगा दे गई। ऐसा ही कुछ हुआ था साल 2009 के आईपीएल में। साल 2009 में आईपीएल का आयोजन साउथ अफ्रीका में किया गया था। खिताबी भिड़ंत में उसके सामने थी एडम गिलक्रिस्ट की कप्तानी वाली डेक्कन चार्जर्स। वहीं आरसीबी के कप्तान थे अनिल कुंबले। कुंबले की कप्तानी में टीम ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया था। आखिरी ओवर में आरसीबी को जीत के लिए 15 रन चाहिए थे। स्ट्राइक कुंबले के पास थी और गेंदबाजी कर रहे थे आरपी सिंह। कुंबले ने पहली गेंद पर सिंगल लिया और स्ट्राइक उथप्पा को दिया। उथप्पा अगली दो गेंद पूरी तरह से मिस कर गए। तो उनसे कहता हूं कि रॉब्स, तुम्हे सिक्स मारना चाहिए था। कम से कम मुझे स्ट्राइक दे देते। मैं उनसे लगातार कह रहा था कि स्कूप करने की कोशिश मत करो।

# डीसी के तेज गेंदबाज को लगी जोरदार फटकार

**क्रिकेट**

## आईपीएल की आचार संहिता के उल्लंघन का दोषी पाकर फटकार लगी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। दिल्ली कैपिटल्स के तेज गेंदबाज रसिख सलाम को आईपीएल की आचार संहिता के उल्लंघन का दोषी पाकर मैच रेफरी ने फटकार लगाई है। बता दें कि दिल्ली कैपिटल्स ने आईपीएल 2024 के 40वें मैच में गुजरात टाइटंस को 4 रन से मात देकर प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को जिंदा रखा है।

रसिख ने आईपीएल की आचार संहिता के आर्टिकल 2.5 के अंतर्गत लेवल 1 अपराध किया। इसमें शामिल है, ऐसी भाषा, एक्शन या संकेत देना, जो अन्य खिलाड़ी का आक्रामक रिएक्शन निकालने को प्रोत्साहित करे। आईपीएल ने गुरुवार को अपने बयान में कहा, सलाम ने आईपीएल की आचार संहिता के आर्टिकल 2.5 के अंतर्गत लेवल 1 का अपराध किया। उन्होंने अपराध स्वीकार किया और मैच रेफरी द्वारा लगाए जुर्माने को स्वीकार किया। आचार संहिता के लेवल 1 उल्लंघन पर मैच रेफरी का निर्णय सर्वमान्य होता है।



रसिख सलाम ने अरुण जेटली स्टेडियम पर खेले गए हाई स्कोरिंग मुकाबले में गेंद से बेहतर प्रदर्शन किया और दिल्ली कैपिटल्स के सबसे सफल गेंदबाज रहे। दाएं हाथ के तेज गेंदबाज ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ 4 ओवर के अपने स्पेल में 44 रन देकर तीन विकेट झटके। सलाम ने साई सुदर्शन, शाह रुख खान और साई किशोर को अपना शिकार बनाया।

पता हो कि रसिख सलाम जम्मू–कश्मीर के खिलाड़ी हैं, जिन्होंने 2018 में डेब्यू के बाद केवल दो फर्स्ट क्लास मैच और सात लिस्ट–ए करियर मैच खेले हैं। दिल्ली को अपने तेज गेंदबाज से आगे बेहतर प्रदर्शन की काफी उम्मीदें हैं।

दिल्ली कैपिटल्स ने गुजरात टाइटंस को करीबी मैच में 4 रन से मात दी। दिल्ली कैपिटल्स की यह 9 मैचों में चौथी जीत रही और वो आईपीएल 2024 की प्वाइंट्स टेबल में छठे स्थान पर पहुंच गई है। वहीं, शुभमन गिल के नेतृत्व वाली गुजरात टाइटंस की टीम 9 मैचों में पांच शिकस्त के साथ प्वाइंट्स टेबल में सातवें स्थान पर जमी हुई है।

# पाकिस्तान की स्टार खिलाड़ी बिस्माह मारूफ ने किया हैरान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

लाहौर। पाकिस्तान की पूर्व महिला कप्तान बिस्माह मारूफ ने 18 साल के करियर में 276 मैच खेलने के बाद गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया। 32 वर्षीय मारूफ ने अचानक यह फैसला सुनाया तो हर कोई हैरान रह गया, क्योंकि इसी साल बांग्लादेश की मेजबानी में टी–20 वर्ल्ड कप खेला जाना है। उन्होंने बिटिया के साथ तस्वीर शेयर करते हुए कहा, मैंने उस खेल से संन्यास लेने का फैसला किया है जिसे मैं सबसे ज्यादा प्यार करती हूं। यह एक अविश्वसनीय यात्रा रही है, जो चुनौतियों, जीत और अविस्मरणीय यादों से भरी हुई है।

मारूफ ने 33 अर्धशतकों सहित 6,262 रन बनाए और 80 विकेट लिए। वह 15 साल की थी जब

**■15 साल में भारत के खिलाफ किया था वनडे करियर का आगाज**

2006 में भारत के खिलाफ एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में पाकिस्तान के लिए डेब्यू किया था और तीन साल बाद आयरलैंड के खिलाफ अपना पहला टी 20 खेला था। मारूफ ने अपने पहले बच्चे को जन्म देने के लिए 2021 में ब्रेक लिया और कहा कि वह अपने माता–पिता की नीति के लिए आभारी हैं जिसने उनके करियर को आगे बढ़ाया।

मारूफ ने कहा, श्पीसीबी से मिला समर्थन अमूल्य रहा है। खास तौर पर मेरे लिए पहली बार पैरेंटल पॉलिसी लागू करने में, जिसकी वजह से मैं मां होने के बावजूद अपने देश का सर्वोच्च स्तर पर प्रतिनिधित्व कर पाई। मारूफ ने 96 अंतरराष्ट्रीय मैचों में पाकिस्तान की कप्तानी की है, जिसमें 2022 में न्यूजीलैंड में होने वाला उनका चौथा महिला विश्व कप भी शामिल है। उन्होंने सभी आठ महिला टी20 विश्व कप में भी हिस्सा लिया और 2020 और 2023 में पिछले दो विश्व कप में कप्तान रहीं।

मारूफ उस पाकिस्तानी टीम की भी सदस्य थीं, जिसने 2010 और 2014 एशियाई खेलों में दो बार स्वर्ण पदक जीता था, लेकिन पिछले साल उन्हें हैट्रिक बनाने का मौका नहीं मिला, क्योंकि एशियाई खेलों के आयोजन ने प्रतियोगियों को अपने बच्चों को साथ लाने की अनुमति देने से इनकार कर दिया था। पिछले साल जब उन्होंने कप्तानी छोड़ी थी तो पीसीबी अध्यक्ष नजम सेठी ने कहा था– बिस्माह लाखों लड़कियों के लिए प्रेरणा रही हैं और सकारात्मक बदलाव की उत्प्रेरक रही हैं।

## ऋषभ पंत ने मारा ऐसा शॉट, कैमरामैन हुआ घायल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। ऋषभ पंत ने आईपीएल में गुजरात टाइटंस पर रोमांचक जीत में दिल्ली कैपिटल्स के लिए सबसे अधिक नाबाद 88 रन की शानदार पारी खेली। इसके साथ ही टी–20 विश्व कप 2024 टीम में सिलेक्शन को लेकर भी उनकी दावेदारी मजबूत हो गई है। पंत की विध्वंसक पारी के दम पर दिल्ली ने 4 विकेट के दम पर 224 रन बनाए थे, जबकि पावरप्ले के दौरान उसके 3 विकेट 44 रन पर गिर गए थे और वह अरुण जेटली स्टेडियम में संघर्ष कर रही थी। अक्षर पटेल के साथ मिलकर पंत ने 113 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी की, जिसने डीसी की पारी को जबरदस्त जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। पटेल ने 66 रनों की तेज पारी खेलकर कैपिटल्स को मजबूत स्कोर तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। डेविड मिलर के विस्फोटक 55 और राशिद खान के आखिरी क्षणों में किए गए धमाकेदार प्रदर्शन के बावजूद दिल्ली ने गुजरात को 8 विकेट पर 220 पर रोक दिया और रोमांचक मुकाबला 4 रन से अपने नाम कर लिया।

पेज थ्री देहरादून

हमारा दून

देहरादून, शुक्रवार, 26 अप्रैल 2024



एसएसबी भर्ती परीक्षा में फर्जीवाड़ा करने का एक और आरोपी गिरफ्तार।



# इस वर्ष 60 फीसदी ज्यादा बरसेगा मानसून

**अलर्ट**

■ सभी विभागों को अभी से इसी हिसाब से शुरू कर देनी चाहिए अपनी तैयारियां: डॉ. बिक्रम सिंह

**संवाददाता**

देहरादून। मौसम विभाग ने इस वर्ष मानसून सीजन में सामान्य से अधिक बारिश होने का पूर्वानुमान जताया है। मौसम विभाग के निदेशक डॉ. बिक्रम सिंह के अनुसार, इस बात की संभावना 60 फीसदी से अधिक है। लिहाजा, सभी विभागों को अभी से इसी हिसाब से अपनी तैयारियां शुरू कर देनी चाहिए।

बृहस्पतिवार को उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (यूएसडीएमए) की ओर से मानसून की तैयारियों को लेकर विभिन्न विभागों के लिए आयोजित प्रशिक्षण शिविर में डॉ. बिक्रम सिंह ने कहा, मौसम विभाग मौसम संबंधी जानकारियों को लेकर लगातार अलर्ट भेजता है। इसका अनुपालन किया जाए तो आपदाओं के प्रभावों को काफी हद तक कम किया जा सकता है। जानमाल के नुकसान में भी कमी लाई जा सकती है।

कहा, मौसम विभाग की ओर से इंपेक्ट आधारित पूर्वानुमान जारी किया जा रहा है, जिससे विभिन्न विभागों को समय रहते अपनी तैयारियां करने का पर्याप्त समय मिल जाता है। कहा, विभाग मौसम की रियल टाइम मॉनिटरिंग भी कर रहा है। मौसम विशेषज्ञ रोहित थपलियाल ने बताया, मौसम विभाग की वेबसाइट पर पल–पल की जानकारी मौजूद है और कई प्रसार माध्यमों से इन जानकारियों को लोगों तक पहुंचाया जा रहा है।

उत्तराखंड भूस्खलन न्यूनीकरण एवं प्रबंधन केंद्र के निदेशक डॉ. शांतनु सरकार ने कहा, राज्य में भूस्खलन संभावित क्षेत्रों में बरसात के दौरान सतर्क रहने की जरूरत है। ऐसे सभी क्षेत्रों के लिए न्यूनीकरण एवं प्रबंधन उपायों में संबंधित विभाग तेजी लाएं। उन्होंने जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त करने, भूस्खलन संभावित क्षेत्रों में आधुनिक तकनीक से रिटेनिंग वॉल बनाने, तारबाड़ करने, भूस्खलन क्षेत्रों की निगरानी तथा अर्ली वार्निंग जारी करने, रॉक फाल जोन की मैपिंग करने के संबंध में विस्तार से बताया। कहा, भूस्खलन संभावित क्षेत्रों में रोड पर शेल्टर्स बनाना अच्छा विकल्प है। इससे मलबा शेल्टर के ऊपर गिरेगा और शेल्टर के नीचे यातायात सामान्य रूप से चलता रहेगा। यूएसडीएमए के एसईओसी प्रभारी राहुल जुगरान ने मानसून तथा चारधाम यात्रा को लेकर विभाग की तैयारियों के बारे में बताया। कहा, मानसून तथा चारधाम यात्रा को लेकर यूएसडीएमए पूरी तरह से तैयार है।

इस दौरान प्रशिक्षण एवं क्षमता विकास विशेषज्ञ जेसिका टेरोन, आईईसी विशेषज्ञ मनीष भगत के अलावा सभी जिलों के डीडीएमओ, सीएमओ आदि विभागों के अधिकारियों ने प्रतिभाग किया।

### जब बिजली कड़के तो नहाएं नहीं

प्रशिक्षण शिविर में यूएसडीएमए के स्वास्थ्य विशेषज्ञ डॉ. विमलेश जोशी तथा मौसम विशेषज्ञ डॉ. पूजा राणा ने बिजली से बचाव के उपायों के बारे में बताया। कहा, बिजली गिरने की घटना को गंभीरता से लेने की जरूरत है, क्योंकि हर साल काफी संख्या में लोग बिजली की चपेट में आकर कीमती जिंदगी गंवा देते हैं। बताया, जब घर के अंदर हों तो बिजली के स्विच से प्लग निकाल दें। तार वाले फोन का प्रयोग कतई नहीं करें। जब बिजली कड़क रही हो, उस समय न तो नहाना चाहिए और न ही बर्तन धोने चाहिए। किसी पेड़ के नीचे खड़े रहना या बिजली अथवा किसी अन्य पोल के सहारे खड़ा रहना खतरनाक हो सकता है। यदि बोटिंग या स्वीमिंग कर रहे हों तो पानी से बाहर आना जरूरी है।

# स्ट्रॉग रूम के कन्ट्रोल रूम में अपनी उपस्थिति बनाये रखे अधिकारी

**निर्देश**

■ईवीएम ओर वीवीपीएटी व अन्य अभिलेख जमा किए गए

**संवाददाता**

देहरादून। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती सोनिका ने अवगत कराया है कि लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 प्रक्रिया अन्तर्गत 19 अप्रैल 2024 को 01–टिहरी गढ़वाल संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत जनपद संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के मतदान के पश्चात ईवीएम ओर वीवीपीएटी व इस विषयक अन्य अभिलेखों को महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कालेज रायपुर के शूटिंग एवं मल्टीपरपज हॉल में स्थापित स्ट्रांग रूमों में जमा किये गये है, जो मतगणना समाप्ति 04 जून, 2024 तक पुलिस अभिरक्षा में रहेंगी। यद्यपि उक्त सभी अभिलेख स्ट्रांग रूम पूर्णतः सीसीटीवी व सुरक्षा बलों की निगरानी में हैं, तथापि इसे और नियमित एवं प्रभावी अनुश्रवण हेतु पूर्व जारी आदेश द्वारा अधिकारियों की तैनाती की गयी है। अधिकारियों के अन्यत्र स्थानान्तरण के फलस्वरूप आदेश को निम्नानुसार आंशिक संशोधन करते हुए 25 अप्रैल 2024 रात्री 10 बजे से प्रातः 6 बजे तक ललित मोहन बैजवाल, सहायक अभियंता, मुख्य अभियंता कार्यालय,पीडब्लूडी यमुना कालोनी देहरादून के स्थान पर प्रशान्त श्रीवास्तव, सहायक अभियन्ता, की तैनाती की गई है। उपरोक्त अधिकारी नामित मजिस्ट्रेट निर्धारित तिथि व समयानुसार स्थापित स्ट्रॉग रूम के कन्ट्रोल रूम में अपनी उपस्थिति बनाये रखना सुनिश्चित करेंगे तथा प्रतिस्थानी आने तक यथावन बने रहेंगे। विशेष रूप से सी.सी.टी.वी. की क्रियाशीलता का अनुश्रवण करेंगे कि वह सुचारू रूप से गतिमान है अथवा नहीं। किसी भी प्रकार की विशेष एवं विषम परिस्थिति पर जिलाधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक तथा उप जिला निर्वाचन अधिकारी से तत्काल सीधे सम्पर्क किया जाय।

### नियमित सतर्क दृष्टि व समन्वय बनाने के निर्देश

दिवस मजिस्ट्रेट विशेष निगरानी एवं उपरोक्त नामित अधिकारियों के नियंत्रण कक्ष में उपलब्ध बने रहने की पुष्टि तथा अपने निर्धारित दिवस में सभी पालियों में अधिकारियों मजिस्ट्रेटों/पुलिस अधिकारियों से समन्वय बनाये रखने के प्रति उत्तरदायी होंगे। अपर जिलाधिकारी (प्र०) उप जिला निर्वाचन अधिकारी, देहरादून प्रत्येक दिवस तथा अपर जिलाधिकारी देहरादून साप्ताहिक रूप से अनुश्रवण करते रहेंगे, जो नामित अधिकारी मजिस्ट्रेट तैनात किये गये हैं, उनके पास उप जिला निर्वाचन अधिकारी के हस्ताक्षरयुक्त आई डी. हो यह अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सुनिश्चित करेंगे। सम्बन्धित सहायक रिटर्निंग अधिकारी भी इस ओर नियमित सतर्क दृष्टि व समन्वय बनाये रखेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### एनएचआई ने हरिद्वार ऋषिकेश हाईवे में व्यवस्थाएं देखी

**संवाददाता** देहरादून। डोईवाला ब्लॉक प्रमुख की ओर से भानियावाला से हरिपुरकलां तक विभिन्न स्थानों पर सर्विस रोड, बस स्टॉप और शौचालय निर्माण की मांग का एनएचएआई ने संज्ञान लिया है। एनएचआई के अधिकारियों ने समस्याओं के निराकरण के लिए जनप्रतिनिधियों के साथ गुरुवार को हाईवे का निरीक्षण किया। ब्लॉक प्रमुख भगवान सिंह पोखरियाल ने परियोजना निदेशक को पत्र भेजकर भानियावाला से हरिपुरकलां तक हाईवे के किनारे जन सुविधाओं का मुद्दा उठाया। अधिकारियों ने अधीनस्थों को खुले ड्रेनेज सिस्टम को बंद करने और सफाई के निर्देश दिए।

### आईएएस बने दीपेश कैड़ा का स्कूल में सम्मान

**संवाददाता** देहरादून। यूपीएसई परीक्षा में 86 रैंक पाकर आईएएस बनने वाले दून निवासी दीपेश कैड़ा व 371वीं रैंक पाने वाले शिखर नौटियाल का गुरुवार को एन मैरी स्कूल में सम्मान किया गया। दोनों ही एन मैरी के पूर्व छात्र हैं। सम्मान समारोह में स्कूल के सचिव व उत्तरांचल विवि के कुलाधिपति डा.जितेंद्र जोशी व निदेशिक अंकिता जोशी ने दोनों को सम्मानित किया। इस दौरान दोनों ने छात्र छात्राओं को सिविल सर्विसेज सहित अन्य परीक्षाओं में सफलता के टिप्स भी दिए। किसी भी परीक्षा में कड़ी मेहनत और सुनियोजित पढ़ाई से ही सफलता पायी जा सकती है।

### आमवाला तरला में शिव मंदिर स्थापना दिवस पर हुआ जागरण

**संवाददाता** देहरादून। आमवाला तरला स्थित तपोवन एन्क्लेव में शिव मंदिर का 21 वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर शिव मंदिर संचालन समिति द्वारा मां भगवती का 13 वां जागरण आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ रुद्राभिषेक से किया गया। माता रानी का गुणगान सुनने के लिए बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे। हवन कुंड की स्थापना कर हवन किया गया।

### रिलायन्स ज्वैल्स ने लॉन्च किया विंध्या कलेक्शन

**संवाददाता** देहरादून। भारत के प्रमुख ज्वैलरी ब्राण्ड रिलायन्स ज्वैल्स ने अनूठे एवं शानदार कलेक्शन के साथ त्योहार मनाने की परम्परा को जारी रखते हुए इस साल अक्षय तृतीया के अवसर पर विंध्या कलेक्शन का अनावरण किया है। अपनी प्रतिष्ठित 'ज्वैल्स ऑफ इंडिया' कलेक्शन सीरीज में यह नौवा कलेक्शन, मध्य प्रदेश की समृद्ध कलात्मक परम्पराओं से प्रेरित है। फैशन आइकन एवं बॉलीवुड अभिनेत्री दिशा पटानी ने वाराणसी स्थित रिलायन्स ज्वैल्स स्टोर में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम के दौरान इस एक्सक्लुजिव फेस्टिव कलेक्शन का अनावरण किया।

### राज्यपाल को दिया हेमकुंड यात्रा का निमंत्रण

**संवाददाता** देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) से गुरुवार को हेमकुंड साहिब मैनेजमेंट ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेंद्रजीत सिंह बिंद्रा ने मुलाकात कर उन्हें श्री हेमकुंड साहिब यात्रा के लिए आमंत्रित किया।

उन्होंने राज्यपाल को 22 मई को ऋषिकेश से पंज प्यारों की अगुवाई में प्रथम जत्थे को रवानगी के लिए भी आमंत्रित किया, जिससे हेमकुंड साहिब यात्रा–2024 का शुभारंभ होगा। राज्यपाल ने बिंद्रा से हेमकुंड साहिब यात्रा की तैयारियों और यात्रा मार्गों में चल रहे निर्माण कार्यों के संबंध में जानकारी प्राप्त की। राज्यपाल ने कहा कि हमारा प्रयास है कि श्रद्धालुओं की यात्रा सुगम और सुरक्षित हो इसके लिए यात्रा मार्गों पर सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध रहें। इस दौरान बिंद्रा ने बताया कि यात्रा मार्गों में पैदल रास्तों के चौड़ीकरण का कार्य तेजी से किया जा रहा है। भारतीय सेना द्वारा रास्ते से बर्फ को हटाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि रूतूड़ा में ट्रस्ट के द्वारा पांच हजार यात्रियों के ठहरने के लिए आधुनिक धर्मशाला और अस्पताल का निर्माण किया जा रहा है।

### केदारनाथ धाम में तीर्थ पुरोहितों के आवास तोड़ने का विरोध

**संवाददाता** देहरादून। केदारनाथ धाम में तीर्थ पुरोहितों के आवास और व्यवसायिक प्रतिष्ठानों को ध्वस्त किए जाने का चार धाम तीर्थ पुरोहित महापंचायत ने भी कड़ा विरोध जताया है। महापंचायत ने जल्द ध्वस्तीकरण की कार्रवाई न रुकने पर चारों धामों में भी विरोध जताने की चेतावनी दी। केदारनाथ धाम में स्थानीय तीर्थ पुरोहितों के आवासों के सामने गड्ढा किए जाने पर महापंचायत ने विरोध जताया। महापंचायत के अध्यक्ष सुरेश सेमवाल और महासचिव डॉ बृजेश सती ने कहा कि बिना तीर्थ पुरोहितों की सहमति के कपाट बंद के दौरान स्थानीय प्रशासन ने एक तरफा कार्रवाई की। शासन प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि इस तरह की कार्यवाही के खिलाफ चरणबद्ध आंदोलन शुरू कर दिया जाएगा। जल्द तीर्थ पुरोहितों का एक प्रतिनिधिमंडल उच्च अधिकारियों से मिलकर अपनी बात रखेगा।

In a Digital World Why
To wait for a Howker

Visit Us at https://www.page3news.co.

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+



Scan This Code

Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ.-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादक: प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालय:
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।